# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | नई दिल्ली, शुक्रवार 27 मार्च 2026 | चैत्र मास शुक्ल पक्ष, नवमी | वर्ष : 29, अंक : 342 | पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 | मौसम : अधि. 35.6 न्यू. 15.6


## गृह मंत्री बोले

- 31 से पहले सभी कैडर की होगी घर वापसी
- जो नहीं आएंगे, उनका अंत तय है
- शाह-साय के नेतृत्व में बदली बस्तर की तस्वीर
- पुलिस महकमे में वो काम हुए जो पहले कभी नहीं हुए थे
- बस्तर उद्योगपतियों के हवाले नहीं, लघु उपज ही रहेगी आर्थिक रीढ़

## विपक्ष पर वार

- नक्सलमुक्ति जैसे मामलों का विरोध मानसिक दिवालियापन
- बैज को सलाह पराक्रम को डील न कहें, जनता माफ नहीं करेगी

*नक्सलमुक्ति में विष्णुदेव साय की रही बड़ी भूमिका, वे खुद बस्तर प्रवास पर जाते रहते थे*

- नियत नैल्ला नार योजना चलेगी या फिर 31 मार्च को यह भी समाप्त हो जाएगी?
- नहीं यह योजना बंद नहीं होगी। यह योजना चलती रहेगी।

**डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद**

# गृहमंत्री शर्मा बोले- नक्सलमुक्ति का सिर्फ फाइनल टच बाकी, बस्तर को लघु वनोपज से संवारेंगे, किसी उद्योगपति के हवाले नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नक्सलमुक्ति का काउंटडाउन शुरू हो चुका है, डेडलाइन में सिर्फ पांच दिन शेष हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा आश्वस्त हैं कि डेडलाइन से पहले नक्सलियों का पूरा कैडर पुनर्वास के लिए वापसी कर लेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि जो नहीं आएंगे, उनका अंत तय है। शर्मा ने नक्सलमुक्ति के पीछे उन अटकलें-आरोपों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि उद्योगपतियों को सौंपने के लिए बस्तर को खाली कराया जा रहा है। उनका साफ कहना है कि किसी भी तरह के भ्रम में रहने और किसी की बातों में आने की जरूरत नहीं है। नक्सल मुक्त होने के बाद बस्तर को हमारी सरकारी लघु वनोपज से ही संवारने का काम करेगी। बस्तर को किसी भी उद्योगपति के हवाले करने की कोई योजना नहीं है। यह बात हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी सदन में कह चुके हैं। इस मुद्दे पर डिप्टी सीएम शर्मा से हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने इंद्रावती तट पर गुरुवार को सार्थक संवाद किया। पेश हैं प्रमुख अंश-



- ***नक्सलवाद समाप्त करने की डेडलाइन 31 मार्च 2026 से कितने दूर या कितने करीब हैं?***
- मैं सोचता हूं कि लक्ष्य की प्राप्त हो ही गई है, बस फाइनल टच ही बाकी है। एक बड़ा नाम जो रह गया था पापा राव, उनका भी समर्पण हो गया है। और कोई बड़े लेवल का नक्सली बचा नहीं है, ऊपर के लोग पहले ही समाप्त हो चुके हैं। तीन हजार लोगों ने पुनर्वास किया है दो सालों में। दो हजार लोग गिरफ्तार हुए हैं दो साल में, पांच सौ से ज्यादा मारे गए। कुल मिलाकर यह संख्या जाती है साढ़े पांच हजार। आज हम रामनवमी पर चर्चा कर रहे हैं तो मैं कहना चाहता हूं कि बस्तर ही वह क्षेत्र है जहां के लोग राम के साथ चले थे और लंका पर विजय पाई गई थी। बस्तर में जो हो रहा था वह बड़ा दर्दनाक था। एक बच्ची को मैं जानता हूं जिनका टिफिन आंगनबाड़ी में छूट गया था, वह लेने गई, वह टिफिन फटा, उनका भाई अंधा हो गया है, उस बच्ची को भी बहुत कम दिखता है। ऐसे हजारों की संख्या में पीड़ित हैं, जो आईडी की चपेट में आए। कई शिक्षाविदों, गांव के सरपंचों, पंचों, ग्रामीणों को मार ▶▶| शेष पेज 7 पर

---

### पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी की बड़ी पहल

# आज मुख्यमंत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक, अफवाह फैलाने वालों और जमाखोरों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज, शुक्रवार को देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक करने जा रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा, आपूर्ति और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। आचार संहिता के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों को बैठक से अलग रखा गया है। बैठक के मार्फत तेल और गैस की स्थिति पर मुख्यमंत्रियों को प्रधानमंत्री स्वयं विश्वास लेंगे। सरकार का लक्ष्य "टीम इंडिया" की भावना के साथ एक संयुक्त रणनीति बनाना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

**आज टीम इंडिया रहेगी एक्शन में**



### बैठक क्यों बुलाई गई?

इस उच्चस्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया संकट के भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की समीक्षा करना है। एलपीजी सहित अन्य जीवनोपयोगी वस्तुओं की जमाखोरी के खिलाफ एक्शन लेना चूंकि राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है इसलिए विपरीत समय में एक ब्लूप्रिंट पर केंद्र और राज्यों के बीच सहमति बनाना प्रमुख उद्देश्य है। तेल और गैस आपूर्ति पर असर, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता, लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन की स्थिति, राज्यों की तैयारियों का आकलन, बैठक के एजेंडे में शुमार है। केंद्र सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पश्चिम एशिया युद्ध का असर

यह संकट फरवरी 2026 में शुरू हुआ, जब अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ा। इसके कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे ईरान के क्षेत्र में आने वाले अहम मार्ग प्रभावित होने से वैश्विक आर्थिकी पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की यह बैठक केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। एक उच्चपदस्थ अधिकारी ने बताया कि बैठक का मकसद साफ है, देश में किसी भी तरह की कमी या संकट की स्थिति न बने, अफवाहों पर लगाम लगे और भारत वैश्विक संकट के बीच भी मजबूत स्थिति में बना रहे।

---

### बीमार होना पड़ेगा मरीजों को भारी

# 1 अप्रैल से 1000 दवाएं होंगी महंगी छोटी-बड़ी बीमारियों पर होगा असर

**कीमतों में करीब 0.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा रही**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

1 अप्रैल 2026 से दर्द की दवाएं, एंटीबायोटिक दवाएं और बुखार कम करने वाली कई जरूरी दवाओं के दाम बढ़ जाएंगे। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने राष्ट्रीय आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल 1000 से ज्यादा दवाओं के दामों में मामूली बढ़ोतरी की अनुमति दे दी है। यह बढ़ोतरी डब्ल्यूपीआई के आधार पर हो रही ▶▶ शेष पेज 7 पर



### क्यों बढ़ाई गई कीमतें?

दवा कंपनियों का कहना है कि कच्चे माल की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान इजराइल युद्ध के कारण एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) और सॉल्वेंट्स की कीमतें 30-35 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। ग्लिसरीन की कीमत में तो 64 प्रतिशत का उछाल आया है। पैकेजिंग मटेरियल जैसे पॉलीविनाइल क्लोराइड और एल्युमिनियम फॉइल भी 40 प्रतिशत महंगे हो गए हैं।




## खबर संक्षेप

### लूटपाट की घटनाओं में शामिल सात पकड़े

**नई दिल्ली।** द्वारका पुलिस ने नाबालिगों के एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो पार्टी के लिए पैसा जुटाने के लिये बाइक छीनने, लूटपाट और चोरी की कई वारदात में शामिल थे। गिरोह के सात नाबलिग पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। आरोपियों का संबंध द्वारका नॉर्थ और नजफगढ़ क्षेत्रों में दर्ज कम से कम तीन मामलों से पाया गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई मोहन गार्डन निवासी निखिल (22) द्वारा 15 मार्च को दर्ज कराई गई शिकायत के बाद की गई। शिकायतकर्ता का आरोप था कि अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी मोटरसाइकिल और नकदी लूटी है। पीड़ित अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से ककरौला गंदा नाला सर्विस रोड से जा रहा था, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोगों ने उन्हें रोक लिया। उन्हें चाकू दिखाकर धमकाया गया और हमला कर मोटरसाइकिल और दो हजार रुपये लूटे गये थे। डीसीपी कुशल पाल सिंह ने बताया कि लगभग 10 किलोमीटर के क्षेत्र में लगे लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला गया तब कहीं जाकर लुटेरों का सुराग हाथ लगा।

### पालम अग्निकांड की रिपोर्ट सार्वजनिक करे सरकार : सौरभ

**नई दिल्ली।** पालम अग्निकांड मामले को लेकर 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता ने मामले की जांच एसडीएम को सौंपी थी, लेकिन अभी तक रिपोर्ट का कुछ पता नहीं है। वह रिपोर्ट सार्वजनिक करने की जगह मुख्यमंत्री और उनके मंत्री आशीष सूद खुद जांच अधिकारी बन गए हैं और 9 लोगों को गंवाने वाले पीड़ित परिवार को ही दोषी बता रहे हैं। जबकि सबने देखा कि तीसरी मंजिला पर लोग खड़े दिख रहे थे, लेकिन इनके फायर विभाग ने न जाल बिछाया और ना ही लोगों को गद्दे बिछाकर उनकी जान बचाने दी। रेखा गुप्ता सरकार विधानसभा में यह भी झूठ रही है कि गली संकरी थी। जबकि गली काफी चौड़ी है।

पुलिस ने तीन नाबालिगों को पकड़ा

# दयालपुर: पार्टी के बहाने बुलाकर किशोर को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में 16 वर्षीय लड़के को घर से बुलाकर जानकारों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इस संबंध में पुलिस ने तीन नाबालिगों को पकड़ा है। आरोपी लड़के की उम्र 13 से 17 साल के बीच बताई गई है। हत्या की वजह मृतक द्वारा एक आरोपी को तंग करना बताया गया है। पुलिस रील बनाने के एंगल की भी जांच कर रही है।



पुलिस को 16 वर्षीय सुभान अपने परिवार के साथ नेहरू विहार में रहता था। परिवार में पिता दिलशाद, मां, भाई और दो बहन है। बुधवार रात करीब नौ बजे तीन से चार किशोर उसके घर पहुंचे और जन्मदिन की पार्टी के बहाने उसे अपने साथ ले गये। कुछ देर बाद वह परिवार को घर के पास बेहोश मिला। उसे फौरन जगप्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि पीड़ित उनमें से एक को तंग किया करता था जिस वजह से इस वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित की मां ने आरोप लगाया कि हमलावर उसके बेटे को जानते थे और वह उसे बहला-फुसलाकर बाहर ले गए थे। पीड़ित की मां ने कहा, उसे तीन-चार लड़कों ने बुलाया था।

■ परिजनों ने शव को थाने पर रखकर प्रदर्शन भी किया

जैसे ही वह बाहर निकला, उन्होंने पहले उसे गले लगाया और फिर उस पर कई बार चाकू से वार किया। परिजनों ने शव को थाने पर रखकर प्रदर्शन भी किया। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी और मृतक साथ रील बनाते थे। रील को लेकर भी उनके बीच कुछ मतभेद चल रहे थे।

# पैसों के विवाद में रिश्ते के भाई ने महिला का गला रेता

## मयूर विहार की घटना, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में पैसों के विवाद में 29 वर्षीय महिला को उसके रिश्ते के भाई ने चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। महिला के गले पर गहरा जख्म आया है। फिलहाल उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना बुधवार रात करीब 9.45 बजे सामने आई। आरोपी असलम को अरेस्ट कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार असलम बुधवार देर रात त्रिलोकपुरी निवासी पीड़िता अफसाना के घर पहुंचा और अपने कथित बकाये पैसे की मांग को लेकर उससे बदसलूकी करने लगा। जब महिला ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो असलम ने उसे जान से मारने की धमकी दी और चाकू से उस पर हमला किया। हमले में अफसाना की गर्दन पर गंभीर चोट आई। हमले के बाद आरोपी की मां अफसाना को लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल ले गई, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि रात 11.06 बजे घायल महिला के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत अस्पताल पहुंची। अफसाना के बयान के आधार पर मयूर विहार थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया। कुछ ही घंटों बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद हो गया है।



■ घायल महिला को अस्पताल में करवाया गया है भर्ती

# डेढ़ लाख के कॉपर वायर के साथ चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कोटला मुबारकपुर थाने की क्रैक टीम ने एक शातिर चोर को पकड़ा है। आरोपी का नाम नजमुद्दीन (38) पुत्र मुंसफ अली निवासी त्रिलोकपुरी, मयूर विहार फेज-1 बताया गया है। इसके पास से लगभग 1.5 लाख कीमत के तांबे के आठ बंडल तार बरामद हुये हैं। पुलिस ने इस गिरफ्तारी के बाद चोरी के कई मामले सुलझाने का दावा किया है। डीसीपी अनिल मित्तल ने बताया कि 23 मार्च को आर्य बस्ती के एक दुकानदार से शिकायत मिली कि एक व्यक्ति बिजली का सामान चोरी करके भाग गया। इसके आधार पर कोटला मुबारकपुर थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। एसएचओ कोटला मुबारकपुर की देखरेख में एसआई योगेश कुमार, हेड कांस्टेबल दातार सिंह, संदीप और मुकेश की एक टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और स्थानीय जानकारी का इस्तेमाल करते हुए गहन जांच की। 24 मार्च को आरोपी का पता लगाया गया और उसे लाजपत नगर से पकड़ लिया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी हुए तांबे के तार बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान उसने कालकाजी, तैमूर नगर और गोविंदपुरी इलाकों में चोरी की कई ऐसी ही वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की।



# ईओडब्ल्यू ने गुरुग्राम की फर्म के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया

**एजेंसी. नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने गुरुग्राम स्थित रियल एस्टेट कंपनी 'एक्सपीरियन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड' और उसकी सहयोगी इकाई 'एक्सपीरियन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड' के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। ईडी की शिकायत 'रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड' (आरएफएल) के खिलाफ धनशोधन मामले में उसकी जांच के परिणामस्वरूप सामने आई। ईडी के अनुसार, उसकी जांच में पाया गया कि रेलिगेयर फिनवेस्ट के पूर्व प्रवर्तक मलविंदर मोहन सिंह और शिविंदर मोहन सिंह ने अपने द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित संस्थाओं के माध्यम से आरएफएल से लगभग 2,036 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। ईडी ने पाया कि सिंह बंधुओं ने आरएफएल से 150 करोड़ रुपये का गबन किया, जिसका इस्तेमाल गुरुग्राम के सेक्टर-62 में 27.86 एकड़ जमीन खरीदने के लिए किया गया था। ईडी ने चार फरवरी, 2020 को 27.86 एकड़ जमीन को जब्त कर लिया, जिसमें डिग्निटी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड नामक एक अन्य कंपनी से संबंधित 9.1 एकड़ जमीन भी शामिल थी।

# क्राइम ब्रांच ने सिलेंडरों के अवैध भंडारण का किया खुलासा, 459 एलपीजी सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने रणहौला इलाके से एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण का खुलासा किया है। कार्रवाई करते हुये 459 सिलेंडर जब्त किये गये हैं। बरामद सिलेंडरों में इंडेन और भारत गैस दोनों शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरों रोकने के लिये एक विशेष टीम का गठन किया गया है। लगातार जमीनी पड़ताल के बाद टीम को रणहौला इलाके में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी के बारे में विश्वसनीय सूचना मिली थी। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, एचपी बालाजी गैस एजेंसी, गांव रणहौला में एक सुनियोजित छापा मारा गया। वहां गैस एजेंसी का मालिक सुशील कुमार सिंघल सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी में सक्रिय रूप से लिप्त पाया गया। खाद्य आपूर्ति अधिकारी जग प्रवेश को तुरंत मौके पर बुलाया गया। उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान कुल 459 खाली कमर्शियल सिलेंडर बरामद किए गए हैं। जमा किए गए सिलेंडरों को गलत तरीके से मुनाफा कमाने के लिए खुले बाजार में बढ़ी हुई कीमतों पर बेचने का इरादा था।



# जबरन वसूली गिरोह चलाने के आरोप में महिला सहयोगी संग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक 44 वर्षीय महिला और उसके सहयोगी को हनी ट्रेप और जबरन वसूली गिरोह चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी पीड़ितों पर आपराधिक मामले दर्ज करा कर उन पर समझौता करने के लिए दबाव डालते थे। दरियागंज निवासी आरोपी महिला और न्यू उस्मानपुर निवासी यशदेव सिंह चौहान (44) को सेना के एक सेवानिवृत्त कैप्टन द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया।

■ लोगों को हनी ट्रेप में फंसाकर करते थे वसूली

पुलिस के अनुसार, महिला ने सबसे पहले सोशल मीडिया पर शिकायतकर्ता से संपर्क किया और उसके उपन्यासों के प्रचार के लिए पेशेवर सेवाएं देने का वादा किया। आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता को वित्तीय लेन-देन करने के लिए प्रेरित किया। बाद में उसने विवाद खड़ा किया और महरौली थाने में उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि गंभीर आरोपों में 2021 में दर्ज प्राथमिकी को 25 फरवरी, 2025 को उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया और कहा कि यह कार्यवाही कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। सेवानिवृत्त अधिकारी की शिकायत के आधार पर महरौली थाने में एक नया मामला दर्ज किया गया जिसमें एक सहयोगी की मिलीभगत से जबरन वसूली का आरोप लगाया गया था। जांच के दौरान अपराध शाखा को पता चला कि महिला ने कथित तौर पर दिल्ली के विभिन्न थानों में नौ प्राथमिकियां दर्ज कराई थी। इनमें से तीन बलात्कार से संबंधित थीं, जबकि छह छेड़छाड़ और आपराधिक धमकी से जुड़ी थी। कई पीड़ितों ने बयान दिए जिसमें कहा गया है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद पैसे के बदले मामले के निपटान के लिए मध्यस्थों का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने बताया कि महिला का सहयोगी चौहान खुद को वकील बताता था, लेकिन वह पिछले 12 वर्षों से कड़कड़डूमा अदालत में एक वकील के साथ क्लर्क के रूप में काम कर रहा था।

पुलिस को एक पेन ड्राइव भी मिली थी जिसमें समझौते की बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग है। इनसे एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है जिसमें आपत्तिजनक बातचीत है। उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। दोनों आरोपियों के आवाज के नमूने भी एकत्र कर फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में भेजे गये हैं। अन्य संभावित पीड़ितों की पहचान करने और कथित गिरोह से जुड़े लोगों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# पानी नहीं आने की लोगों की शिकायतों पर केजरीवाल ने सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राजेंद्र नगर विधानसभा के कुछ इलाकों में कई दिनों से पानी नहीं आने की स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही शिकायतों पर उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि मुझे गालियां दे देकर ही ये लोग सरकार में आए थे और अगले चार साल केवल मुझे गालियां ही देंगे। इनको न सरकार चलानी आती है और ना ही इनकी इच्छा है। दिल्लीवाले इनको वोट देकर ठगा महसूस कर रहे हैं। केजरीवाल ने राजेंद्र नगर निवासी का पानी न आने को लेकर एक्स पर की गई शिकायत को साझा कर कहा कि देखिए, इन लोगों ने कैसे दिल्ली वालों की ज़िंदगी नर्क बना दी है। इन्होंने दिल्ली का बुरा हाल कर दिया है। अपनी एक साल की सरकार में इन्होंने केवल तीन काम किए हैं,केजरीवाल को गाली, केजरीवाल को और गाली, केजरीवाल को भद्दी-भद्दी गाली। मुझे गालियां दे देकर ही ये सरकार में आए थे और अगले चार साल केवल मुझे गालियां ही देंगे। ना इनको सरकार चलानी आती है और ना ही इनकी इच्छा है। दिल्ली वाले इनको वोट देकर ठगा महसूस कर रहे हैं।

## नजफगढ़ में 'काले शीशे' के खिलाफ अभियान के तहत 154 वाहनों पर कार्रवाई, चार जब्त

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में अवैध 'टिंटेड' ग्लास (कारों के काले शीशे) के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के दौरान थार समेत कुल 154 वाहनों पर कार्रवाई की गई और चार वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कारों की खिड़कियों पर काली फिल्म लगाने को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर नजफगढ़ में 25 मार्च को यह अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, कार के काली फिल्म लगे शीशे गंभीर सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा करते हैं, खासकर महिलाओं के लिए, और इसका उपयोग आपराधिक गतिविधियों को छिपाने के लिए भी किया जा सकता है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, इस बढ़ती समस्या पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के दौरान, अवैध रूप से काले शीशे के उपयोग को लेकर केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 की संबंधित धाराओं के तहत 154 वाहनों पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि इसके अतिरिक्त, बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाना, दोषपूर्ण नंबर प्लेट और दुर्व्यवहार जैसे उल्लंघनों के लिए चार वाहनों को जब्त किया गया।

## बिजली कंपनियों ने की 28 मार्च को एक घंटे गैर आवश्यक लाइट्स बंद रखने की अपील

**नई दिल्ली।** टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) ने विश्व प्रकृति कोष के अर्थ आवर के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नागरिकों से अपील की है कि 28 मार्च 2026 को रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक एक घंटे के लिए सभी गैर-आवश्यक लाइट्स बंद करें, ताकि यह संदेश सुदृढ़ हो कि छोटे-छोटे सामूहिक प्रयास भी पर्यावरण पर सार्थक प्रभाव डाल सकते हैं।भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, टाटा पावर-डीडीएल विभिन्न संचार माध्यमों जिनमें सोशल मीडिया, वेबसाइट, एसएमएस, व्हाट्सऐप संदेश, ईमेल, आईवीआरएस तथा कस्टमर केयर केंद्रों पर बैनर शामिल हैं के माध्यम से रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) और उपभोक्ताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। समुदायों में जागरूकता फैलाने और सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, हमारे आभा सदस्य लगभग 150 स्कूलों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ 218 जेजे क्लस्टर्स के निवासियों तक भी पहुंच बना रहे हैं।

शैक्षणिक कार्य, अनुशासन या संस्थानों की गरिमा को नहीं पहुंचनी चाहिए ठेस

# दिल्ली सरकार ने कक्षा में रील या शॉर्ट वीडियो बनाने पर लगाया प्रतिबंध, विद्यालयों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने सभी विद्यालयों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी स्कूल के समय के दौरान रील या 'शॉर्ट वीडियो' न बनाएं। सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी गतिविधियों से शैक्षणिक कार्य, अनुशासन या संस्थानों की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। शिक्षा निदेशालय ने जारी एक परिपत्र में कहा कि निदेशालय को इस बात की जानकारी मिली है कि स्कूल परिसर में मनोरंजन के लिए 'शॉर्ट वीडियो' बनाए जा रहे हैं और विद्यालय प्रमुखों को कक्षा के समय के दौरान ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए। निर्देश में इस बात पर बल दिया गया कि शिक्षण प्रक्रिया को बाधित करने या विद्यार्थियों का ध्यान भटकाने वाली किसी भी गतिविधि पर रोक लगाई जानी चाहिए, संस्थानों की मर्यादा व गरिमा बनाए रखी जानी चाहिए और शिक्षा पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए। शिक्षा निदेशालय ने कहा हालांकि सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति और शिक्षक की देखरेख में 'शैक्षणिक, सांस्कृतिक या जागरूकता संबंधी विषयों' से संबंधित सामग्री बनाई जा सकती है बशर्ते कि शैक्षणिक गतिविधियों में कोई बाधा न आए और विद्यार्थियों की सुरक्षा व गोपनीयता का ध्यान रखा जाए। निर्देश में यह भी बताया गया कि विद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की अनुचित, गैर-शैक्षणिक या प्रचार सामग्री रिकॉर्ड नहीं की जानी चाहिए। विभाग ने कहा कि सभी विद्यालय प्रमुखों को इन निर्देशों को कर्मचारियों व विद्यार्थियों तक पहुंचाने और इनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्देशों के उल्लंघन पर गंभीर कार्रवाई की जाएगी।₹ विभाग ने इस मामले को 'अत्यंत आवश्यक' बताया।



■ शैक्षणिक गतिविधियों में कोई बाधा न आए और विद्यार्थियों की सुरक्षा व गोपनीयता का रखा


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोशन, पुत्र अरुण, निवासी मकान संख्या 528, पॉकेट-7, सेक्टर ए-10, नरेला, दिल्ली,** दूसरा पता **गांव सुल्तान गंज, थाना असर गंज, जिला मुंगेर, बिहार** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 483/2019 भा.द.सं. की धारा 457/380 के तहत, थाना नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रोशन** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रोशन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 483/2019 भा.द.सं. की धारा 457/380 के तहत, थाना नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोशन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **25.06.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ज्योति नैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, कमरा नं.6, भूतल**
**जिला कोर्ट्स, रोहिणी, दिल्ली**

**DP/3810/ON/2026**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्रीमती बीना** पत्नी श्री प्रेम कुमार, निवासी- फ्लैट नं. 16/15, एम सी डी फ्लैट्स, मॉडल टाउन-3, नई दिल्ली-110033 ने **केस रजिस्ट्रेशन संख्या 9953/2019 धारा 138 एन आई अधिनियम, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती बीना** मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **श्रीमती बीना** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **श्रीमती बीना, केस रजिस्ट्रेशन संख्या 9953/2019 धारा 138 एन आई अधिनियम, थाना केशव पुरम, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री संयम जैन**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
कमरा संख्या 112
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/3202/NW/2026**

**सत्य वचन**

सत्य अच्छे लोगों के लिए सनातन धर्म है। सत्य को प्राणम करना चाहिए, सत्य ही सर्वोच्च गति है।

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



पश्चिम-एशिया संकट के बीच बोली सरकार...

## जानबूझकर चलाया जा रहा दुष्प्रचार अभियान, पूरी तरह से सुरक्षित है ऊर्जा आपूर्ति

# भारत को बाकी देशों की तरह 'राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल' घोषित करने की नहीं कोई दरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया और खाड़ी में युद्ध के चलते दुनिया में गहराते ऊर्जा संकट के मध्य भारत में भी कुछ पेट्रोल पंपों और एलपीजी गैस डीलरों के यहां देखी जा रही लंबी कतारों के बीच गुरुवार को सरकार ने जोरदार अंदाज में यह साफ किया है कि देश की एलपीजी-पेट्रोलियम सहित ऊर्जा की आपूर्ति शत-प्रतिशत सुरक्षित बनी हुई है। इसलिए दुनिया के बाकी देशों (फिलीपींस) की तरह भारत को 'राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल' लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। आम-जनता से सिर्फ यही अपील है कि वो जानबूझकर किए जा रहे दुष्प्रचार और सोशल मीडिया पर परोसी जा रही ▶▶ शेष पेज 7 पर

- ▶▶ देश में पेट्रोल-डीजल की नहीं कोई कमी, भ्रामक सूचनाओं के जाल में न फंसे लोग
- ▶▶ बेवजह झूठी जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई
- ▶▶ फिलीपींस बना दुनिया का पहला ऐसा देश, जिसके राष्ट्रपति ने किया राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लगाने का एलान




### यूं लगा फिलीपींस में ऊर्जा आपातकाल

यहां बता दें कि फिलीपींस दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है, जिनके राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने ईंधन की आपूर्ति बाधित होने से गहराते ऊर्जा संकट की वजह से फिलीपींस में राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लगाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बीते मंगलवार देर रात एक टेलीविजन संबोधन में एक कार्यकारी आदेश के जरिए इसकी घोषणा की है। जबकि भारत के निकट पड़ोसी देशों में जैसे पाकिस्तान में भी तेल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है और प्रीमियम पेट्रोल के दामों में 200% की बढ़ोतरी की गई है। श्रीलंका में ईंधन की कीमतों में 25% का इजाफा किया गया है। नेपाल में पेट्रोल, डीजल की कीमतें 26 मार्च से 15 नेपाली रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गई हैं। बांग्लादेश में मार्च महीने के लिए ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 41+ देशों से जारी तेल खरीद

होर्मुज स्ट्रेट की स्थिति के बाद भारत को 41 से ज्यादा देशों से पहले ही अधिक मात्रा में कच्चा तेल मिल रहा है। जिसने सभी तरह के व्यवधानों की भरपाई कर दी है। हमारी सभी रिफाइनरियां 100% से ज्यादा क्षमता पर काम कर रही हैं। तेल कंपनियों ने अगले 60 दिनों के लिए तेल आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा पेट्रोलियम शोधक और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक है। जो वर्तमान में 150 से ज्यादा देशों को परिष्कृत ईंधन की आपूर्ति करता है। इस हिसाब से हम ऊर्जा सुरक्षा के अगुआ हैं। विश्व का शुद्ध निर्यातक होने की वजह से देश में घरेलू पेट्रोल-डीजल तथा एलपीजी की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में बनी हुई है। कहीं पर भी किसी तरह की कोई कमी नहीं है। हमारे यहां कुल करीब 1 लाख से अधिक पेट्रोल पंप हैं। ये सभी बिना रुकावट के ईंधन की सप्लाई कर रहे हैं। केंद्र ने किसी भी पंप को सप्लाई सीमित करने का निर्देश नहीं दिया है।

### 1 महीने की एलपीजी का स्टॉक पूरा

एलपीजी की कोई कमी नहीं है। ताजा आदेश के बाद तेल कंपनियों में उत्पादन 40% बढ़ा है। जिससे दैनिक एलपीजी उत्पादन 50 टीएमटी तक पहुंच गया है। जबकि कुल दैनिक आवश्यकता 80 टीएमटी है। ऐसे में गैस का दैनिक आयात घटकर 30 टीएमटी पर आ गया है। मतलब साफ है कि अब भारत आयात की आवश्यकता से कहीं अधिक उत्पादन कर रहा है। अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया व अन्य देशों से 800 टीएमटी एलपीजी की खेप पहले से ही सुरक्षित है। भारत के 22 गैस आयात टर्मिनलों पर गैस पहुंच रही है, जो 2014 के 11 की तुलना में दोगुने हैं। ऐसे में एक महीने की आपूर्ति की व्यवस्था पूरी हो चुकी है, अतिरिक्त खरीद को लगातार ▶▶ शेष पेज 7 पर

देश के लिए राहत की बड़ी खबर...

# ईरान ने भारत को बताया 'मित्र देश' होर्मुज से दी जहाजों को गुजरने की मंजूरी

- जारी की मित्र देशों की सूची, भारत के अलावा रूस, चीन, इराक, पाकिस्तान और मलेशिया किया इसमें शामिल
- निशाने पर रहेंगे अमेरिका, इजरायल और उनके गठबंधन वाले बाकी सभी देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका, इजरायल के साथ चल रहे भयंकर युद्ध के बीच ईरान ने भारत समेत दुनिया के कुल 6 देशों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने यानी उसका इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची के हवाले से ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि यह मंजूरी उन देशों को दी गई है, जिन्हें ईरान अपने 'मित्र देश' के रूप में देखता है। फिलहाल इस सूची में भारत के अलावा रूस, चीन, पाकिस्तान, इराक और मलेशिया जैसे देश शामिल हैं। जबकि तेहरान के दुश्मनों (अमेरिका, इजरायल व अन्य गठबंधन देश) के लिए इलाके से आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।

अराघची के मुताबिक, हम युद्ध का सामना कर रहे हैं और यह पूरा इलाका युद्धक्षेत्र है। जिसे देखते हुए हमारे शत्रु देशों के जहाजों को यहां से जाने देने का कोई सवाल ही ▶▶ शेष पेज 7 पर



**पीएम, राष्ट्रपति पेज़ेश्कियन से कर चुके संवाद**

ईरान की तरफ से यह अच्छी खबर एक ऐसे समय में आई है, जब बीते दिनों ईद के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन के बीच टेलीफोन पर बातचीत हो चुकी है। जिसमें पीएम ने होर्मुज के रास्ते का महत्व बताते हुए इसे खुला, स्वतंत्र तथा सुरक्षित बनाए रखने पर जोर दिया था। साथ ही उन्होंने खाड़ी क्षेत्र में नागरिक और बुनियादी ऊर्जा ढांचों पर किए जा रहे हमलों की कड़ी निंदा की। भारतीयों की ईरान से सुरक्षित निकासी के लिए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पेज़ेश्कियन को धन्यवाद दिया था।

### 28 फरवरी से बंद है होर्मुज की खाड़ी

बताते चलें कि पिछले महीने के अंत में 28 फरवरी को अमेरिका, इजरायल के हमलों के जवाब में ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बंद दिया था। जिससे दुनियाभर के देशों के सामने ऊर्जा का संकट गहराता जा रहा है। मूलरूप से होर्मुज फारस और ओमान की खाड़ी के बीच का एक संकरा समुद्री मार्ग है। जिससे विश्व में लगभग 20 से 30% ऊर्जा संसाधनों जैसे पेट्रोल, डीजल और गैस की सप्लाई होती है। हाल ही में ईरान ने ये भी कहा था होर्मुज से केवल अमेरिका, इजरायल या उनके गठबंधन देशों के जहाजों को नहीं निकलने दिया जाएगा। बाकी के लिए खाड़ी खुली हुई है। लेकिन युद्ध के हालात में प्रत्येक देश के लिए वहां से जहाजों की आवाजाही को सुरक्षित बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। अब ईरान के उक्त एलान के बाद मामले में सभी देशों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

### अमेरिका के साथ कोई वार्ता नहीं

पाकिस्तान, तुर्किये और मिस्र द्वारा युद्ध के दौरान की जा संघर्षविराम की पेशकश के बीच ईरानी विदेश मंत्री ने यह भी साफ किया कि हमारी अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं चल रही है। हालांकि इस संबंध में क्षेत्र के कई विदेश मंत्रियों ने ईरान से संपर्क साधा है। लेकिन ईरान की इस मामले में स्थिति पहले की तरह ही पूरी तरह से सैद्धांतिक और संकल्पबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की तरफ से दी जा रही तमाम गारंटियों पर शत-प्रतिशत भरोसा नहीं किया जा सकता है। यहां हमारे द्वारा तय की गई गारंटी ही मायने रखती है, जिसमें विश्व में कोई भी ईरानी लोगों के खिलाफ जंग छेड़ने की हिमाकत नहीं करेगा।

### खाड़ी न खोलना पड़ेगा भारीः ट्रंप

होर्मुज जलडमरूमध्य पर लगे प्रतिबंध की वजह से सभी देश गंभीर रूप से चिंतित हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसे लेकर ईरान को धमकी देते हुए कहा है कि अगर उसने खाड़ी के इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को जल्द ही पूरी तरह से नहीं खोला। तो उसे इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। वहीं, बीते कुछ हफ्तों से भारत की तरफ से चल रहे कूटनीतिक प्रयासों में भी पश्चिम-एशिया संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म कराने के मामले पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय नौवहन को होर्मुज से स्वतंत्र, सुरक्षित बनाए रखने का मुद्दा भी इन्हीं कोशिशों का हिस्सा है। नई दिल्ली का मानना है कि अगर यह समुद्री मार्ग लंबे वक्त तक बाधित रहता है। तो उसका भारत समेत पूरी दुनिया की ऊर्जा और उर्वरक सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है।

### भारत के लिए होर्मुज के असल मायने

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों (कच्चा तेल, डीजल और गैस) का करीब 70 फीसदी हिस्सा आयात करता है। जिसमें उसकी निर्भरता खाड़ी क्षेत्र के देशों पर बाकी दुनिया की तुलना में काफी ▶▶ शेष पेज 7 पर

पश्चिम एशिया संकट

## पाकिस्तान की मध्यस्थता पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर कटाक्ष - गंभीर शर्मिंदगी का है विषय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



**पाकिस्तान को मध्यस्थ मानना आपत्तिजनक**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, संचार विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच पाकिस्तान की संभावित मध्यस्थ भूमिका को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे भारत की कूटनीतिक विफलता बताते हुए कहा कि यह देश के लिए "गंभीर शर्मिंदगी" का विषय है।

जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा कि पाकिस्तान को शांति वार्ता में मध्यस्थ के रूप में देखना "घोर आपत्तिजनक" है। उन्होंने पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह चार दशकों से अधिक समय से भारत समेत कई देशों में आतंकवाद को प्रायोजित करता रहा है। उसने ओसामा बिन लादेन जैसे वैश्विक आतंकवादियों को शरण दी। ए.क्यू. खान नेटवर्क के जरिए परमाणु अप्रसार नियमों का उल्लंघन किया। अफगानिस्तान और अपने ही क्षेत्रों में नागरिकों व अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की, फिर भी उसकी सदारत में ऐसी वार्ता हो, ये ठीक नहीं। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को इस भूमिका में देखना सरकार की "कूटनीतिक शैली और रणनीति दोनों की विफलता" ▶▶ शेष पेज 7 पर

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े राहुल गांधी

## मुझ पर इतने केस, केरलम के सीएम पर क्यों नहीं, राहुल गांधी का केंद्र से सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केरलम में विधानसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद करते हुए राज्य में एलडीएफ व भाजपा के बीच अंदरूनी मिलीभगत पर जमकर हमला बोला। पार्टी नेताओं ने राज्य की आर्थिक तंगहाली, स्वास्थ्य बदहाली, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नशे के बढ़ते मामलों को लेकर भी एलडीएफ सरकार को पुरजोर तरीके से घेरा। मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी बुधवार को केरलम के कोझिकोड में यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) गठबंधन की विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। विशाल भीड़ के बीच अपने संबोधन में खरगे ने कहा कि केरलम में सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) और भाजपा के बीच एक गुप्त समझौता है, जिसका नाम 'कम्युनिस्ट-जनता पार्टी' है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव में जानबूझकर कमजोर उम्मीदवार उतार रही है, ताकि एलडीएफ गठबंधन की मदद की जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि एलडीएफ धर्मनिरपेक्ष होने का दावा करती है, लेकिन वह भाजपा की मदद कर रही है। भाजपा को दिया गया हर वोट सीधे तौर पर एलडीएफ को उपहार ▶▶ शेष पेज 7 पर




समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक के सिलसिले में फ्रांस पहुंचे जयशंकर, चर्चाओं के केंद्र में पश्चिम-एशिया संकट

## फ्रांस, जापान, दक्षिण-कोरिया और कनाडा के विदेश मंत्रियों के साथ हुई जयशंकर की द्विपक्षीय बैठक

# फ्रांस में जून में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच इस वर्ष फ्रांस की अध्यक्षता में 15 से 17 जून तक आयोजित किए जाने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे। फ्रांस के दूतावास ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को 'अब्बे डेस वॉक्स-डे-सेर्ने' में जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान अपने भारतीय समकक्ष एस.जयशंकर के साथ बातचीत की है। जिसमें दोनों ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा समूह के शिखर सम्मेलन में की जाने वाली आगामी भागीदारी की पुष्टि की है। चर्चा के बीच दोनों विदेश मंत्रियों ने खासतौर पर प्रमुख व्यापक आर्थिक असंतुलनों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और एकजुटता के क्षेत्र में भारत के



योगदान पर भी जोर दिया।

**मध्य-पूर्व के मुद्दे पर हुई चर्चाः** दूतावास ने बताया कि विदेश मंत्रियों की इस वार्ता में मध्य-पूर्व की मौजूदा स्थिति के मामले पर भी विस्तृत चर्चा की गई है। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए संयुक्त रूप से काम करने के लिए जरूरी मजबूत समन्वय जारी रखने को लेकर भी दोनों ने पूरी तरह से अपनी सहमति प्रदान की है।

**भारत सदस्य नहीं, फ्रांस ने किया आमंत्रित :** विदेश मंत्री ने 26 मार्च को 'एक्स' पर की गई अपनी कुछ पोस्ट के जरिए 26 मार्च को फ्रांस पहुंचने और वहां कुछ देशों के विदेश मंत्रियों के साथ हुई द्विपक्षीय बैठकों के बारे में जानकारी दी है। इस वर्ष अमेरिका, इजरायल और ईरान में युद्ध के हालात के बीच यह वैश्विक आयोजन फ्रांस में हो रहा है। इसलिए बैठक के एजेंडे में पश्चिम-एशिया संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के विषय पर विस्तार से चर्चा का विषय एजेंडे के शीर्ष में शुमार है। उधर, विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जयशंकर की यह यात्रा दो दिवसीय है। जिसकी शुरुआत 26 और समापन 27 मार्च को होगा। बैठक पेरिस के पास स्थित अब्बे डेस वॉक्स-डे-सेर्ने में होगी। जबकि इससे इतर भारत के विदेश मंत्री की कई अन्य देशों के साथ बैठक भी होगी। ज्ञात हो कि जी-7 समूह में अमेरिका, ब्रिटेन, ▶▶ शेष पेज 7 पर

### फ्रांस, जापान व अन्यों के साथ हुई चर्चा

डॉ. जयशंकर ने कहा, फ्रांस पहुंचने के बाद मेरी पहली द्विपक्षीय मुलाकात फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बैरोट से हुई है। मैं, उनके शानदार स्वागत के लिए आभारी हूं। अपनी कुछ अन्य एक्स पोस्ट पर विदेश मंत्री ने जापान और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रियों के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। जिसमें जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी के साथ हुई मुलाकात को लेकर उन्होंने कहा, जापान के विदेश मंत्री और अपने दोस्त मोटेगी से मिलकर हमेशा अच्छा लगता है। इस बार जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान उनसे मुलाकात हुई है। दक्षिण-कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ हुई मुलाकात को लेकर जयशंकर ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि दक्षिण-कोरिया के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बैठक हुई है। हमारी साझेदारी को और आगे बढ़ाने की आशा है। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से हुई मुलाकात को लेकर जयशंकर ने कहा कि इसमें पश्चिम-एशिया के घटनाक्रम और द्विपक्षीय भागीदारी को आगे बढ़ाने के मामले पर चर्चा की गई है।

## खबर संक्षेप

### 5.600 किलोग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 5॰600 किलोग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 मार्च को अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना पर कार्रवाही करते हुए सुजीत सिंह वासी गांव बखरिया जिला पश्चिम चंपारण बिहार को 5.600 किलोग्राम सहित सेक्टर-2 बाईपास रोड के पास से काबू किया है।



### दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना एनआईटी दर्ज एक वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने शिवा निवासी गुप्ता गंज पलवल व मोसिम वासी गांव नाका सिकरोना से मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अनुसार महेन्द्र निवासी कॉलोनी फरीदाबाद ने थाना एनआईटी में दी।



### निवेश का लालच देकर 20 लाख रुपए की ठगी

**फरीदाबाद।** आईपीओ में निवेश का लालच देकर 2041000 रूपए की ठगी में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को साईबर थाना एनआईटी की टीम ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर-43, फरीदाबाद निवासी एक महिला ने शिकायत दी कि उसे ठगों द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां अन्य निवेशकों के मुनाफे से संबंधित जानकारी साझा की जाती थी। इसके बाद ठगों ने उसे एक मोबाइल एप का लिंक भेजकर एप डाउनलोड करवाया और उसका अकाउंट खुलवाया। ठगों ने उसको आईपीओ में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया।



---

सिद्धदाता धाम में दिखा भक्ति का विराट स्वरूप

## बैंड बाजों संग निकली श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा , झाकियां, कलश यात्रा में महिलाओं का अद्भुत उत्साह


हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

■ शोभायात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा

रामनवमी और चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सूरजकुंड मार्ग स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण दिव्य धाम श्रीसिद्धदाता आश्रम में भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

श्री सिद्धदाता आश्रम के अधिष्ठाता एवं श्रीरामानुज संप्रदाय की तीर्थ पीठ इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा के पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीराम का विधिवत अभिषेक कर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। भगवान श्रीरामलला के जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया।

रामनवमी के उपलक्ष्य में आयोजित शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बैंड-बाजा और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। हाथी-घोड़ा पालकी की भव्यता और आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को दर्शाती झांकियां श्रद्धा और भक्ति का सजीव चित्र प्रस्तुत कर रही थीं।



इस अवसर पर 500 से अधिक नारी शक्ति द्वारा निकली कलश यात्रा ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्ति भाव से ओतप्रोत महिलाओं की सहभागिता ने माहौल को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। स्वामी सुदर्शनाचार्य वेद वेदांग संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं आचार्यों द्वारा देवी पुराण और श्रीमद्भागवत के मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया गया। युवाचार्य स्वामी अनिरुद्धाचार्य जी ने विश्व कल्याण की कामना से विशेष पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का समापन कराया।

---

## जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन को समय पर मिले लाभ

## फरीदाबाद निगम क्षेत्र में खोले जाएंगे चार नए क्रेच कामकाजी: धीरेन्द्र खड़गटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए। इसी क्रम में प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सरकार की नीतियों से अवगत कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह को नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएं तथा स्ट्रीट वेंडर्स को एसएमएस के माध्यम से भी सूचित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।



उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनहितकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। इसके अलावा निगम आयुक्त ने शहर में जॉब करने वाली महिलाओं के छोटे बच्चों के लिए चार स्थानों पर क्रेच खोलने के भी निर्देश जारी किए हैं। इनमें एक क्रेच नगर निगम मुख्यालय, एक जिला उपायुक्त कार्यालय परिसर, एक सिविल अस्पताल के आसपास के क्षेत्र में तथा एक औद्योगिक क्षेत्र में खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को इससे बड़ी सुविधा मिलेगी, क्योंकि वे अपने बच्चों को सुरक्षित वातावरण में क्रेच में छोडक़र अपनी ड्यूटी कर सकेंगी। इसके अलावा शहर में चल रहे नाइट शेल्टर की भी संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम द्वारा इन योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जल्द ही आवश्यक तैयारियां शुरू की जाएंगी।

---

फिल्म लाइन में अपना कैरियर बनाएं

## मान प्रोडेक्शन हाऊस के स्टूडियों का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नेता से अभिनेता बने फरीदाबाद निवासी मनधीर सिंह मान ने आज नेहरू ग्राउण्ड में अपने मान प्रोडेक्शन हाऊस के फिल्म स्टूडियों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधिवत हवन यज्ञ किया गया तथा पारिवारिक सदस्यों ने रिबन काटकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस मौके पर कुलदीप डागर, धर्मेन्द्र डागर, फिल्म कलाकार अशोक डी स्टार, हरीश शर्मा, संजू सावंरिया, राईटर सतपाल गुप्ता, नरेश शाह, संदीप सरोज, रवि पटेल, सुनील कुशवाहा, रमाकांत तिवारी, एडवोकेट संदीप सेठी, किशन बांगा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। फिल्म प्रोड्यूसर, राईटर, एक्टर मनधीर सिंह मान ने बताया कि उनके प्रोडेक्शन हाऊस ने हरियाणवीं सॉन्ग, भक्ति सॉन्ग के अलावा कई अन्य गीत रिलीज किए है। जो लोगों को काफी पसंद भी आए है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के युवा कलाकार माया नगरी मुम्बई तक नहीं पहुंच पाते थे और अपने सपने को जीते जी मरते हुए देखते थे, लेकिन अब उनका प्रयास है कि वह फरीदाबाद के युवाओं को जोड़ने के लिए पूरा भरसक प्रयास करेगें ताकि वह फिल्म लाइन में अपना कैरियर बना सपना पूरा कर सकें।

---

ईडी ने वर्ष 2020 में की थी 9 एकड़ से अधिक जमीन अटैच

## गुरुग्राम के बिल्डर के खिलाफ दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा ने दर्ज की एफआईआर

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के एक्सपेरियन डेवलपर्स, एक्सपेरियन कैपिटल और अन्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने ईडी की शिकायत पर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के मामले में एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में रेलिगेयर फिनवेस्ट के पूर्व प्रमोटरों मलविंदर और शिविंदर मोहन सिंह द्वारा की गई 2036 करोड़ की कथित धोखाधड़ी से जुड़ा होने के आरोप है।

इससे पहले ईडी ने वर्ष 2020 में 9 एकड़ से अधिक जमीन अटैच कर ली थी। ईडी द्वारा की गई जांच में पाया गया कि रेलिगेयर फिनवेस्ट से डाइवर्ट किए गए 150 करोड़ का उपयोग गुरुग्राम के सेक्टर-62 में 27.86 एकड़ कीमती जमीन खरीदने के लिए किया गया था।ईडी की दिल्ली जोनल-2 टीम द्वारा शेयर की गई जानकारी के आधार पर दर्ज एफआईआर में डिग्निटी बिल्डकॉन की दिवाला समाधान प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का भी आरोप लगाया है। गुरुग्राम में एक्सपेरियन डेवलपर्स के कई रेजिडेंशियल और कॉमर्शियल प्रोजेक्ट हैं। जिसमें सैकड़ों बॉयर्स का पैसा फंसा हुआ है। नई एफआईआर दर्ज होने से बॉयर्स की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, जिससे बॉयर्स में भी भय का माहौल बना हुआ है। एसपीआर रोड पर भी एक्सपेरियन डेवलपर्स के प्रोजेक्ट हैं, लेकिन कई प्रोजेक्ट पेंडिंग पड़े हुए हैं।ईडी की शिकायत के अनुसार डिग्निटी बिल्डकॉन जब की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया चल रही थी, तब एक्सपेरियन समूह ने कथित तौर पर नियमों का उल्लंघन कर पूरी प्रक्रिया को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश की। जब दिवाला प्रक्रिया पर दिल्ली हाई कोर्ट की रोक लगी हुई थी, उसी दौरान एक्सपेरियन की संबंधित इकाई ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक और ब्लैकस्टोन ग्रुप के कर्ज सस्ते में खरीद लिए।

इससे एक्सपेरियन के पास लेनदारों की समिति में वोटिंग अधिकार आ गए।ईडी की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि एक्सपेरियन द्वारा दिखाए गए 445 करोड़ के भुगतान का एक बड़ा हिस्सा लगभग 334 करोड़ रुपए उसकी अपनी ही संबंधित कंपनियों के पास वापस लौट गया। इससे जमीन हासिल करने की वास्तविक प्रभावी लागत बहुत कम रह गई, जिससे अन्य लेनदारों और सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। कुल मिलाकर 630 करोड़ रुपए के हेरफेर का मामला बनता है।

---

पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया

## सेफ सिटी अभियान के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस का महिला सुरक्षा कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा पुलिस द्वारा सेफ सिटी अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पुलिस द्वारा महिलाओं को रात्रि के समय सुरक्षित उनके गंतव्य स्थान पर भी पहुंचाया जाता है। 25-26 मार्च की रात को फरीदाबाद पुलिस की दुर्गा शक्ति-3 की टीम ने महिला को सुरक्षित उसके गंतव्य स्थल पर पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 25-26 मार्च की रात दुर्गा शक्ति-3 की टीम को गस्त के दौरान ओल्ड रेलवे स्टेशन फरीदाबाद के पास एक महिला मिली।

जिसने बताया कि वे जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद की रहने वाली है और उन्हें घर जाने के लिए कोई साधन नही मिल रहा। जिस पर दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला को सरकारी



गाड़ी से उनके घर तक छोड़ा गया। फरीदाबाद पुलिस द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि रात्रि के समय किसी महिला को कोई साधन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट नही मिल पा रहा हो और वह अकेली असुरक्षित महसूस कर रही है तो फरीदाबाद पुलिस के कंट्रोल रूम नंबर 9999150000, 0129-2227200 पर संपर्क करके पुलिस की मदद ले या फिर डायल 112 पर कॉल करें, जिस सूचना पर नजदीकी दुर्गा शक्ति, ईआरवी टीम उस महिला से संपर्क करके सुरक्षित घरध्स्थान तक छोड़ेगी।

---

पुलिस जांच में जुटी

## पत्नी व उसके आशिक की हत्या करने वाला पति मुठभेड़ में घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने पत्नी व उसके आशिक की हत्या करने वाले शख्स को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उसके कब्जे से कब्जे से आलाकत्ल 01 अदद देशी तमंचा मय , 01 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपी राशिद पता ई ब्लॉक रामपार्क थाना ट्रॉनिका सिटी है। उस पर अपनी पत्नी व पउसके प्रेमी की हत्या करने का आरोप है।सीसीपी ग्रामीण एस एन तिवारी ने बताया कि आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। आज उसे आलाकत्ल बरामद करने के लिए ले जाया जा रह था। जब पुलिस जैन कॉलोनी हरमपुर वाले जंगल में पहुंचे तो आरोपी ने पहले से छुपाए हुए तमंचे , से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर करने लगा ।

---

फसल अवशेष जलाने वालों पर होगी कार्रवाई

## धारा 163 के तहत आदेश जारी, फसल अवशेष जलाने पर पूरी तरह रोक: जिलाधीश आयुष सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिलाधीश आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला फरीदाबाद में गेहूं एवं अन्य फसलों की कटाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है। कटाई के उपरांत कुछ किसानों द्वारा फसल अवशेषों को जलाने की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे उत्पन्न धुआं वातावरण में फैलकर पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रदूषित करता है। यह न केवल मानव स्वास्थ्य बल्कि पशु-पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं के लिए भी हानिकारक सिद्ध होता है।

उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ जाता हैए जिससे मानव जीवन एवं संपत्ति को नुकसान पहुंचने की संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त इससे पशुओं के चारे की कमी भी उत्पन्न हो सकती है। अवशेष जलाने से मिट्टी के लाभकारी जीव (मित्र कीट) नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता घटती है और भविष्य में फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिलाधीश ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली द्वारा फसल अवशेष जलाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है तथा इसके उल्लंघन पर जुर्माने का प्रावधान है। हरियाणा सरकार द्वारा भी समय-समय पर उक्त आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा.163 के अंतर्गत जिला फरीदाबाद में गेहूं एवं अन्य फसलों की कटाई के बाद बचे अवशेषों को जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा.223 एवं वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत नियमानुसार सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

---

डीसी आयुष सिन्हा ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

## एक शाम सांवरिया के नाम धार्मिक आयोजन में सीएम नायब सिंह सैनी का आगमन प्रस्तावित

अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 27 मार्च को सेक्टर-17 स्थित हुड्डा ग्राउंड में आयोजित होने वाले एक शाम सांवरिया के नाम धार्मिक कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का फरीदाबाद आगमन प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिसमें कार्यक्रम के आयोजक एवं मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, एसडीएम अमित कुमार, डीसीपी मोनिका, डीसीपी जयवीर राठी, डीआईपीआरओ मूर्ति दलाल, एसीपी राजीव कुमार सहित



अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

इस दौरान कार्यक्रम स्थल का गहन निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण, अग्निशमन, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

---

हत्या की धाराओं में मामला दर्ज

## महिला की पीट पीटकर हत्या आरोपी पति फरार, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बजघेड़ा थाना क्षेत्र के चौमा फाटक के पास किराये से रहने वाली एक महिला की पीट-पीट कर हत्या का मामला सामने आया है। आरोप उसके पति पर ही लगा है। घटना के बाद आरोपित फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

मृत महिला की पहचान 22 वर्षीय गुंजन के रूप में की गई। बताया जाता है कि गुंजन अपने पति सुनील के साथ चौमा फाटक के पास रामबिलास के घर में किराये से रहती थी। मंगलवार रात से ही गुंजन के रूम का दरवाजा बंद था। बुधवार शाम तक भी जब दरवाजा नहीं खुला तो घर में रहने वाले लोगों ने खिड़की से झांककर देखा। अंदर गुंजन का शव पड़ा था। सूचना पर पहुंची बजघेड़ा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एफएसएल, सीन आफ क्राइम टीम ने घटनास्थल की जांच की।

जांच में महिला के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए। मकान मालिक से पूछताछ में पता चला कि महिला पति के साथ किराये से कई महीनों से यहां रह रही थी। सुनील कुमार श्रमिक का काम करता था। घटना के बाद से ही वह फरार है। हत्या का शक उसी पर जताया गया है। थाना पुलिस ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है। महिला के परिवारवालों को इसकी सूचना दी गई है।

---

एचडीएफसी बैंक और स्माइल फाउंडेशन करेंगे 8 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स तैनात

## उत्तर भारत में चार लाख लोगों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

एचडीएफसी बैंक ने स्माइल फाउंडेशन के साथ उत्तर भारत के दूरदराज के क्षेत्रों में 8 मोबाइल मेडिकल केयर यूनिट्स की तैनाती के लिए साझेदारी की है। इस पहल का उद्देश्य 4 लाख से ज़्यादा लोगों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। बैंक के सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के अंतर्गत यह पहल जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और उत्तराखंड को कवर करेगी।

अप्रैल 2026 से मार्च 2028 तक इस पहल का संचालन किया जाएगा। बैंक ने बताया कि ये मोबाइल केयर यूनिट्स ओपीडी कंसल्टेशन, जाँच संबंधी सुविधाएँ, मुफ्त दवाएँ और सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों से रेफरल लिंकेज जैसी सेवाएँ उपलब्ध कराएँगे। इस कार्यक्रम में माँ और बच्चे की सेहत, ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की कमी जैसी बीमारियों की जाँच, और स्कूल में साफ-सफाई, पोषण और पीरियड्स की जानकारी देने पर भी जोर दिया जाएगा। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर हेड नुसरत पठान ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में कमियों को पाटने के लिए इन



यूनिट्स की तैनाती की गई है। वहीं, स्माइल फाउंडेशन के एक्जीक्यूटिव ट्रस्टी और को-फाउंडर शांतनु मिश्रा ने कहा कि यह साझेदारी अंतिम स्तर तक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के कदम को बेहतर बनाएगी और सरकार के प्रयासों में सहयोग प्रदान करेगी। स्माइल फाउंडेशन इस प्रोग्राम को लागू करेगा।

इसके तहत मेडिकल स्टाफ की तैनाती और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के तय प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा, साथ ही लाभार्थियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्कीम से जोड़ा जाएगा। यह पहल एसडीजी 3 और एनीमिया मुक्त भारत मिशन जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ जुड़ी हुई है।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इंदरजीत सिंह, पुत्रः अतर सिंह, पताः ई–54, निहाल विहार, निलोठी, दिल्ली** ने **FIR No. 032742/2022, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इंदरजीत सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इंदरजीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 032742/2022, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अभियुक्त **इंदरजीत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – संयम जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04, उत्तर–पश्चिम
कमरा नं. 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3861/NW/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी साहेब अली उर्फ राहुल, पुत्रः** श्री. सनाउल्लाह, **पताः** मकान नं. जी–307, गली नंबर 4, संगम विहार, **नई दिल्ली FIR No. 165/2019, U/s: 379/427, पुलिस थानाः सरोजिनी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साहेब अली उर्फ राहुल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साहेब अली उर्फ राहुल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **साहेब अली उर्फ राहुल, FIR No. 165/2019, U/s: 379/427, पुलिस थानाः सरोजिनी नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री विजयश्री राठौर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/3092/SW/2026
(Court Matter)



## साइकिल पाकर खुशी से छलके आंसू

# मुख्यमंत्री ने 1100 छात्राओं को वितरित की साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर शालीमार बाग विधानसभा के सरकारी स्कूलों में इस वर्ष 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली 1100 छात्राओं को साइकिल वितरित की। यह कार्यक्रम पीतमपुरा स्थित सर्वोदय विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। साइकिल प्राप्त कर कई छात्राएं भावुक हो उठीं और उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बेटियों को 'देवी स्वरूपा' बताते हुए उन्हें नमन किया और कहा कि नवरात्रि केवल पूजा का नहीं, बल्कि बेटियों के सम्मान और उनके सशक्त भविष्य का संकल्प लेने का पर्व है। उन्होंने सभी उपस्थित नागरिकों को नवरात्रि और दुर्गा अष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए 'जय माता दी' के जयकारे के साथ वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में प्रस्तुत दिल्ली बजट में उन्होंने बेटियों, बहनों और महिलाओं के लिए अधिकतम योजनाएं शामिल करने का प्रयास किया है ताकि समाज का यह वर्ग सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके। मुख्यमंत्री ने भावुक अंदाज में 'लखपति बिटिया योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि अब दिल्ली में जन्म लेने वाली हर बेटी के भविष्य की आर्थिक नींव सरकार खुद रखेगी। उन्होंने बताया कि बेटी के जन्म से लेकर पहली, छठी, नौवीं, बारहवीं कक्षा और फिर कॉलेज के प्रत्येक वर्ष तक सरकार सीधे उसके खाते में आर्थिक सहायता जमा करेगी। ग्रेजुएशन पूरी करने तक हर बेटी को लगभग 1.25 लाख रुपये की सहायता मिलेगी, जिससे वह 'लखपति बिटिया' बनकर




आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह चाहती हैं कि दिल्ली की हर बेटी स्कूल ही नहीं, कॉलेज तक पढ़े, अपने पैरों पर खड़ी हो और अपना भविष्य खुद बनाए।

### मुख्यमंत्री ने छात्राओं से किया सीधा संवाद

कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण वह रहा, जब मुख्यमंत्री छात्राओं के बीच जाकर उनसे सीधे संवाद करने लगीं। मुख्यमंत्री से मिलकर कई छात्राएं भावुक नजर आईं तो कई छात्राओं के आंसू छलक पड़े। किसी ने आईएएस बनने का सपना साझा किया तो किसी ने साइकिल मिलने से समय पर स्कूल पहुंचने की खुशी जताई। एक छात्रा ने कहा कि उसने कभी सोचा नहीं था कि उसे मुख्यमंत्री से मिलने का अवसर मिलेगा और बेटियों के लिए इतनी योजनाएं देखकर वह बेहद खुश है। एक छात्रा ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री से मिलकर अत्यंत खुशी हो रही है और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें इस प्रकार मिलने का अवसर मिलेगा। एक अन्य छात्रा ने साइकिल योजना के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि कई छात्राओं को दूरी और परिवहन की समस्याओं के कारण समय पर स्कूल पहुंचने में कठिनाई होती थी, लेकिन अब साइकिल मिलने से वे समय पर स्कूल पहुंच सकेंगी और अपनी पढ़ाई बेहतर तरीके से जारी रख पाएंगी। मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया और आश्वासन दिया कि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

## विजेंद्र गुप्ता ने यज्ञशाला व छात्रावास का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को अर्श गुरुकुल, टटेसर(जौंती) में आयोजित



'समवर्तन संस्कार' (दीक्षांत समारोह) तथा नवनिर्मित 'यज्ञशाला एवं छात्रावास' का उद्घाटन किया। इस पावन अवसर पर उन्होंने उपस्थित आचार्यगण, विद्वतजनों, गुरुकुल परिवार, मातृशक्ति एवं ब्रह्मचारियों को संबोधित करते हुए भारतीय संस्कृति एवं गुरुकुल परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने कहा कि यह दिन न केवल गुरुकुल परिवार के लिए, बल्कि संपूर्ण सनातन संस्कृति और भारतीय शिक्षा पद्धति के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में जब समाज अपनी जड़ों से दूर होता जा रहा है, ऐसे समय में अर्श गुरुकुल, टटेसर (जौंती) जैसे संस्थान भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभा रहे हैं। गुप्ता ने गुरुकुल परिसर, गौशाला एवं योग साधना का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां का वातावरण भारतीय जीवन दर्शन का सजीव उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि 'शिक्षा' और 'दीक्षा' का वास्तविक संगम केवल गुरुकुलों में ही संभव है, जहां विद्यार्थियों को केवल पुस्तक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और आचरण की भी शिक्षा प्राप्त होती है।

## 'शीश महल' के पीछे की 'शाही' दुनिया आई सामने, अब सच नहीं छिपेगा : रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'शीश महल' से जुड़ा वीडियो सार्वजनिक होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि अब सच को छिपाया नहीं जा सकता। जो वर्षों तक पर्दे के पीछे छुपाया गया, आज वह पूरी दिल्ली की जनता के सामने है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के लोगों को लंबे समय से 'शीश महल' की सच्चाई जानने का इंतजार था और अब जब वीडियो सामने आया है तो यह साफ हो गया है कि किस तरह 'आम आदमी' के नाम पर सत्ता में आए लोगों ने जनता के पैसों से अपने लिए शाही महल तैयार किया। यह शीश महल केवल एक इमारत नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, अहंकार और जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात का जीता-जागता प्रमाण है। साथ ही नैतिक पतन का प्रतीक है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वीडियो में जो दृश्य सामने आए हैं, वे दिखाते हैं कि कैसे सत्ता का दुरुपयोग कर विलासिता की हर सीमा पार की गई। दिल्ली की जनता देखें कि जिन लोगों को उन्होंने सेवा के लिए चुना, उन्होंने जनता के पैसे से किस तरह अपनी ऐशो-आराम की दुनिया बनाई।

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का आवंटन बढ़ाकर किया 50 प्रतिशत : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, दिल्ली सरकार ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का आवंटन 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। अब आपूर्ति 1800 से बढ़कर 4500 सिलेंडर (19 किलो) प्रतिदिन हो गई है। यह बढ़ी हुई सप्लाई तुरंत लागू हो गई है और इससे जरूरी सेवाओं, होटल, उद्योग और प्रवासी मजदूरों की जरूरतें बिना रुकावट पूरी होंगी। मंत्री सिरसा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत एलपीजी वितरण को 7 प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है, जिनके लिए कुल 4,500 सिलेंडर (19 किलो) प्रतिदिन तय किए गए हैं। श्रेणी एक के तहत जरूरी सेवाएं जैसे स्कूल, अस्पताल, बस अड्डे, रेलवे, एयरपोर्ट को प्रतिदिन 225 सिलेंडर (5 प्रतिशत), श्रेणी दो के तहत सरकारी संस्थान, पीएसयू, औद्योगिक कैंटीन, कम्युनिटी किचन को प्रतिदिन 225 सिलेंडर (5 प्रतिशत), श्रेणी तीन के तहत

■ स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, लोग किसी भी तरह की अफवाहों पर न दें ध्यान

होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी को प्रतिदिन 3 हजार 375 सिलेंडर (75 प्रतिशत)श्रेणी 4 के तहत कैटरिंग और बैंक्वेट को प्रतिदिन 225 सिलेंडर (5 प्रतिशत),श्रेणी 5 के तहत छोटे उद्योग (ड्राई क्लीनिंग, पैकिंग, फार्मा) को प्रतिदिन 45 सिलेंडर (1 प्रतिशत),श्रेणी 6 के तहत खेल सुविधा, स्टेडियम आदि के लिए 225 सिलेंडर (5 प्रतिशत) और श्रेणी 7 के तहत प्रवासी मजदूरों को प्रतिदिन 5 किलो के 684 सिलेंडर (4 प्रतिशत) उपलब्ध होंगे। मंत्री सिरसा ने कहा कि सिलेंडरों की सप्लाई केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार की जा रही है, जिसमें पिछले तीन महीने की औसत खपत को आधार बनाया गया है और जरूरी सेक्टर को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए वेट्स एंड मेजर्स और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की 70 संयुक्त टीमें पूरे दिल्ली में जांच कर रही हैं। नियम तोड़ने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, एलपीजी वितरण आदेश 2000 और भारतीय न्याय संहिता 2024 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री सिरसा ने कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सप्लाई सामान्य है और वितरण लगातार जारी है। मैं दिल्ली के लोगों से अपील करता हूं कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही उन्हें फैलाएं।





रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी

बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है। दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

एआई इमेज

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा

**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *



## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना

**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *



छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा  हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता



एआई इमेज

एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

**प्रस्तुतिः एफएमएन**

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,
मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!



एआई इमेज

## बूझो तो जानें



1
मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।



2
न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3
चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2.हींग, 3.फिटकरी

## जीके क्विज-198



1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यत: कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-197 का उत्तर:** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वाले:** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग




कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने को सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?



उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *

**किताब :** आओ, नाटक खेलें, **लेखक :** उमा आनंद, **अनुवादक :** बलराज पंडित, **मूल्य :** 55 रुपए, **प्रकाशक :** नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





ईशानी, बिलासपुर



प्रत्यूषा, राजनांदगांव



प्रणीका, बिलासपुर



आदित्य, खैरागढ़



शिफा, महासमुंद




समृद्धि, शहडोल

इनके भी चित्र रहे **प्रशंसनीय**

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार

## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# पेज एक का शेष

## गृहमंत्री शर्मा बोले-...

दिया। मैंने लोगों से कई बार कहा है 31 मार्च के बाद इंद्रावती के तट पर आराम से बैठ पाएंगे, देखिए हम आज 31 मार्च से पहले इंद्रावती के तट पर बैठकर ही चर्चा कर रहे हैं। 31 मार्च से पहले नक्सलियों का पूरा कैडर वापस आकर पुर्नवास कर चुका होगा, यह मैं दावे के साथ कह रहा हूं। अगर कोई नहीं आता है तो उनका भी अंत होगा,यह तय है।

- गृहमंत्री के पद को सूली वाला माना जाता है, जब आपको गृह विभाग मिला तो क्या लगा था? किसके षड्यंत्र के शिकार हो रहे थे विजय शर्मा?
- पार्टी का फैसला हुआ कि यह दायित्व संभालना है। जब पार्टी का फैसला हो जाता है तो भाजपा का सिपाही सोचता नहीं है। पूल पुलिया का काम बहुत किया है हमने, फिर यह काम मेरे सामने आया तो लगा कि मुझे ही इस काम के लिए चुना गया है तो यह करना ही है। पूरे देश के नक्सलवाद का 75 फीसदी बस्तर में था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही नक्सलवाद को समाप्त होने की बात कहीं थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आए थे। उन्होंने नक्सलवाद को समाप्त करने का ऐलान किया। मुझे गृह मंत्री बनाने के पीछे किसी का षड्यंत्र नहीं लगता है।
- आप खुद पुलिस प्रताड़ना के शिकार रहे हैं, जब आपको पुलिस विभाग का काम मिल गया तो कितना मुश्किल रहा है पुलिस वालों से काम लेना?
- काम करवा लेना राजनीतिक इच्छा शक्ति पर निर्भर करता है। मेरे ऊपर ऐसी धाराएं लगाई गईं थीं, एफआईआर की गई थी जिसका कोई आधार ही नहीं था। जिस जेल में मुझे रखा गया था, मैं उस जेल के निरीक्षण में भी गया था। बस्तर में क्या बदला अधिकारी भी वहीं रहे, लेकिन काम हो गया। हमारे केंद्रीय मंत्री अमित शाह का नेतृत्व, हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में काम हुआ है। आज पुलिस विभाग में कई ऐसे काम हुए हैं जो पहले कभी नहीं हुए।
- पहले भी सरकार रही, पहले भी लक्ष्य रहा, लेकिन पहले लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका, इस बार लक्ष्य प्राप्त हो रहा है, क्या कारण रहा है?
- सब अभूतपूर्व है, मैंने अमित शाह जी से पूछा था, आपने किस आधार पर यह कहा है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त कर देंगे, उन्होंने कहा था विश्वास करके चलो लक्ष्य पूरा होगा। अगर समय सीमा तय नहीं होगी तो ठीक नहीं होगा। समय सीमा तय होने पर उस लक्ष्य को लेकर काम किया जाता है। अगर 24 अगस्त 2024 को यह नहीं कहा गया होता कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा तो बस्तर की जनता के मन में विश्वास ही पैदा नहीं होता। डेडलाइन से एक रणनीति बनी। जनता ने भी पुनर्वास के लिए नक्सलियों से कहा, जनता ने पूरा साथ दिया।
- अमित शाह के नक्सलवाद को समाप्त करने के ऐलान के बाद मुख्यमंत्री साय और विजय शर्मा कितनी दहशत में आए थे?
- लक्ष्य तय करने के लिए साहस की जरूरत होती है और उसे पूरा करने के लिए सामर्थ्य की जरूरत होती है। मैं असम भी गया था, मैंने देखा वहां पर किस तरह से सामूहिक पुनर्वास किया गया था। मैंने देखा पहले देश में जिस तरह से आतंकवादी हमले होते थे, बम फूटते थे, वो अब नहीं होते हैं। उनको मालूम है अब दिल्ली में बिरयानी नहीं खिलाई जाएगी गोली मार देंगे। जब श्री शाह ने ऐलान किया था तो उसको समझने में दो दिन का समय लगा लेकिन अविश्वास का कोई सवाल ही नहीं था। कोशिश सभी सरकारों ने की, लेकिन इस बार के जो भी आपरेशन हुए, वह तकनीकी रूप से किए गए। ये ऑपरेशन परफेक्ट आपरेशन रहे। हमने देखा कि बस्तर के युवाओं को खेल पसंद है तो हमने यहां पर बस्तर ओलंपिक का भी आयोजन प्रारंभ किया। इसी के साथ यहां की संस्कृति को लेकर बस्तर पंडुम महोत्सव का आयोजन किया गया। हमने पंचायतों को प्रस्ताव दिया, आपके पंचायतों में पुनर्वास होता है और आप लिखकर देते हैं कि हमारी पंचायत नक्सल मुक्त हो गई है तो एक करोड़ देंगे। कई पंचायतों ने ऐसा काम किया। जिला पंचायतों के अध्यक्षों और सदस्यों ने भी काम किया। नक्सलियों को लेकर आए और पुनर्वास करवाया है। पत्रकारों ने भी इसमें काम किया और सहयोग किया है। कई समाज के लोगों ने भी काम किया। सबसे बड़ा काम हमारी फोर्स ने किया। उनकी ताकत से ही यह सब संभव हो सका है।
- विपक्ष की क्या भूमिका रही, खास तौर पर कांग्रेस की क्या भूमिका रही?
- सिर्फ विरोध करने के लिए ऐसे मुद्दे पर भी विरोध किया जाता है तो कष्ट होता है। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने ऐसा किया, लेकिन बस्तर के नेताओं ने तो खुलकर सदन में भी कहा, हमारे बस्तर में शांति है। दीपक बैज भले कुछ भी कहें, बस्तर के लोग मानते हैं वहां शांति है। बस्तर के लोग आज खुलकर हंसते हैं। एक साल पहले बस्तर जाते थे तो एक कागज नहीं आता था, अब लोग मांगें करने लगे हैं सड़क चाहिए, ये चाहिए, वो चाहिए। इतना सब होने के बाद अगर कोई इसको नहीं मानता है और गलत बात कहता है तो यह मानसिक दिवालियापन है।
- भूपेश बघेल पहले कह रहे थे, तेलंगाना जाकर नक्सली समर्पण कर रहे हैं, अब दीपक बैज कहते हैं छत्तीसगढ़ में इतने नक्सली कैसे समर्पण कर रहे हैं। कांग्रेस के दो बड़े नेताओं के बयान में इतना विरोधाभास क्यों दिखता है?
- परस्पर अंतर विरोध तो है ही, बयानों में भी यह विरोध सामने आते रहता है। तेलंगाना या ओडिशा में पुनर्वास करने का अपना अलग-अलग कारण होता है। कई लोगों ने यहां पर समर्पण किया वो तेलंगाना के रहने वाले थे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मेरी दीपक बैज को सलाह है कि ऐसे बयानों से बचना चाहिए। बस्तर की जनता आपको माफ नहीं करेगी अगर आप इतने बड़े पराक्रम को डील कहें तो इसे कोई माफ नहीं करेगा। यह बहुत बड़ा अपमान है फोर्स और जनता का।
- समर्पण करने वाले नक्सलियों का भविष्य क्या है?
- तीन हजार में से 12 सौ तो अनपढ़ हैं। इनकी साक्षरता के लिए और कौशल उन्नयन के लिए काम किया जाएगा। इनके कागज बन जाए खेती शुरू हो जाए। ऐसा काम होगा। जो जैसा काम करना चाहेगा वैसी व्यवस्था होगी।
- एक आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाया गया, उनकी क्या भूमिका रही?
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सौम्य चेहरा और सहजता, सरलता है। उन्होंने खुद बस्तर का प्रवास किया। उनका बहुत बड़ा योगदान है।
- पंचायत मंत्री के रूप में क्या योजनाएं हैं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए?
- एक और विभाग साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग भी मेरे पास है। इस विभाग में हम साइंस सिटी खोलने वाले हैं। एक योजना ला रहे हैं विज्ञान तीर्थ दर्शन। पंचायत विभाग में भी काम हो रहा है। हमने महतारी सदन बनाया है। स्वसहायता समूह में 30 लाख महिलाएं हैं। दीदी के गोठ भी चल रहा है। लखपति दीदी भी बन रही हैं। ये मंच पर आकर कहती हैं कि करोड़पति बनना है। महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से बस्तर में भी काम कर रहे हैं।
- बस्तर की जो पंचायतें नक्सल प्रभावित रही हैं उनके लिए क्या कोई विशेष योजनाएं लाईं जाएंगी?
- हमारे गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सोच है कि बस्तर संभाग सात जिलों का संभाग है, यह देश का सबसे उन्नत संभाग बनेगा। इसको लेकर काम किया जाएगा। इसके लिए राशि का कोई विषय नहीं है। जितना पैसा लगेगा उतना मिलेगा। बजट में प्रावधान भी किया गया है।
- नक्सलियों से जो हथियार मिल रहे हैं, उसके संदर्भ में क्या योजना है?
- एके 47 और कई हथियार तो पुलिस प्रशासन से ही लूटे हुए हैं। जो भी हथियार आ रहे हैं उसकी मेपिंग हो रहे हैं। इसके बाद फैसला किया जाएगा कि इनका क्या करना है।
- प्रभारी डीजी के भरोसे चल रहे हैं, सुप्रीम कोर्ट भी इस पर नाराज है, क्या उम्मीद करें?
- मुख्यमंत्री के साथ इस विषय पर जरूर चर्चा होगी। इस पर जल्द फैसला होगा।
- नक्सलियों के लिए आवास की कोई व्यवस्था होगी?
- केंद्र सरकार से विशेष पैकेज में 15 हजार आवासों की मंजूरी मिली है। ये आवास पुर्नवास करने वाले नक्सलियों को दिए जाएंगे। इनमें से चार हजार आवास हमने दे भी दिए हैं।
- रास्ते तो खुल गए लेकिन सड़कों को लेकर क्या ?
- सड़कों को भी बनाने का काम होगा। कई स्थानों पर अलग-अलग योजनाओं में काम हो रहे हैं।
- कहा जा रहा है कि बस्तर से नक्सली इसलिए समाप्त किए जा रहे हैं क्योंकि इसको अडानी, अंबानी के हवाले करना है?
- मुख्यमंत्री ने सदन में इस बात को कहा है सरकार की ऐसी कोई योजना ही नहीं है। एनएमडीसी काम कर ही रहा है, आयरन ओर है यहां पर। लघु वनोपज ही बस्तर की आर्थिक उन्नति का आधार बने यही सरकार की योजना है।
- जो जवान शहीद हुए हैं, उनके परिवार के लिए भी कोई योजना है?
- यह जो पुनर्वास नीति है यह केवल नक्सलियों के लिए ही नहीं है, नक्सल पीड़ितों के लिए भी है। इनको भी जिस तरह से सहयोग की जरूरत है वह भी कर रहे हैं।

## बैठक क्यों ...

देश में पर्याप्त ईंधन भंडार उपलब्ध है, लेकिन एहतियात के तौर पर यह समन्वय बैठक बुलाई गई है।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी बैठक :** बैठक शुक्रवार शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित होगी, जिसमें केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल मजबूत करने पर जोर रहेगा।

**फ्यूल संकट की आशंका और अफवाहें:** हाल के दिनों में देश के कई हिस्सों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, जिसके पीछे सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहें भी एक कारण मानी जा रही हैं। "लॉकडाउन" जैसी अफवाहों ने लोगों में घबराहट बढ़ाई। कई राज्यों ने जनता से अपील की है कि घबराकर खरीदारी न करें।

## 1 अप्रैल से 1000 ...

है। एनपीपीए ने बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय से मिले आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में डब्ल्यूपीआई में पिछले साल की तुलना में 0.64956 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसी आधार पर इन दवाओं की कीमतों में करीब 0.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा रही है। इस बढ़ोतरी से कई आम दवाएं प्रभावित होंगी। इनमें दर्द निवारक दवाएं जैसे पैरासिटामॉल शामिल हैं। इसके अलावा एंटीबायोटिक दवाएं जैसे एजिथ्रोमाइसिन (बैक्टीरियल संक्रमण के लिए) और सिप्रोफ्लॉक्सासिन भी महंगी होंगी।

एनीमिया (खून की कमी) की दवाएं, विटामिन और मिनरल्स की दवाएं, कोविड-19 मरीजों के लिए कुछ दवाएं और स्टेरॉयड्स भी महंगी हो जाएंगी। पैरासिटामॉल में 25 प्रतिशत और सिप्रोफ्लॉक्सासिन में 30 प्रतिशत तक का इजाफा बताया जा रहा है, हालांकि आधिकारिक रूप से यह 0.6 प्रतिशत के आसपास है।

# 13000 करोड़ का घोटालेबाज भगोड़े नीरव मोदी को लाया जा सकेगा भारत, कसेगा कानूनी शिकंजा !

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण को लेकर रास्ता साफ होता दिख रहा है। ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने उनके केस को फिर से खोलने की याचिका खारिज कर दी है, जिससे उम्मीद जागी है कि अब उसे भारत लाकर कानून की कसौटी पर कसा जा सकेगा।

### क्या हुआ ताज़ा फैसला?

लंदन की हाई कोर्ट ने नीरव मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने अपने प्रत्यर्पण मामले को दोबारा खोलने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि मामला दोबारा खोलने के लिए "असाधारण परिस्थितियाँ" नहीं हैं। यह फैसला उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ आखिरी बड़ी कानूनी कोशिशों में से एक था। इस निर्णय से भारत को बड़ी कानूनी सफलता मिली है। अब नीरव मोदी के पास बचने के विकल्प बेहद सीमित रह गए हैं।

### भारत को क्यों मिली राहत?

ब्रिटेन की अदालत ने अपने फैसले में भारत सरकार द्वारा दिए गए भरोसे को अहम माना। भारत ने आश्वासन दिया कि नीरव मोदी के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं होगा जेल और ट्रायल की व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी इन भरोसों को अदालत ने "विश्वसनीय और पर्याप्त" माना।

### क्या है पूरा मामला?

नीरव मोदी भारत के सबसे बड़े बैंक घोटालों में से एक के आरोपी हैं। पंजाब नेशनल बैंक में लगभग 13,000 करोड़ का घोटाला का आरोप उन पर है। आरोप है कि बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग जारी कर बैंक से लिया। घोटाला खुलते ही 2018 में देश छोड़कर फरार हो गया। 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया। तब से वहीं जेल में बंद है।

### अब आगे क्या होगा?

इस फैसले के बाद प्रत्यर्पण प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। ब्रिटेन कोर्ट पहले ही 2021 में प्रत्यर्पण को मंजूरी दे चुका है। 2022 में सुप्रीम कोर्ट स्तर पर भी राहत नहीं मिली। अब नई याचिका खारिज होने के बाद नीरव मोदी को भारत लाने की प्रक्रिया तेज हो सकती है। हालांकि, तकनीकी प्रक्रियाएं अभी बाकी हो सकती हैं। अंतिम निर्णय ब्रिटेन सरकार, होम सेक्रेटरी के स्तर पर लागू होगा।

### भारत के लिए क्यों अहम है मामला?

यह भारत के लिए आर्थिक अपराधियों के खिलाफ बड़ी जीत मानी जा रही है। इससे विजय माल्या और अन्य भगोड़ों के मामलों पर भी असर पड़ सकता है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की कानूनी और कूटनीतिक स्थिति मजबूत होती दिख रही है।

**निष्कर्ष:** नीरव मोदी का प्रत्यर्पण अब पहले से कहीं ज्यादा करीब माना जा रहा है। यूके कोर्ट के ताज़ा फैसले ने उनके बचाव के रास्ते लगभग बंद कर दिए हैं। अगर आगे कोई बड़ी कानूनी बाधा नहीं आती, तो जल्द ही उन्हें भारत लाकर पीएनबी घोटाले में मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है।

# सेकड फ्रंट का शेष

## भारत को बाकी देशों की ...

किसी भी भ्रामक जानकारी पर आंख मूंदकर विश्वास न करें। क्योंकि इनका मकसद बेवजह दहशत फैलाना है। केवल सरकारी सूचनाएं ही प्रमाणिक हैं, जो लोग अकारण गलत जानकारी या सूचनाओं के जरिए लोगों को डराने की कोशिश करेंगे। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान के जरिए दी है।

## यूं लगा फिलीपींस ...

ईंधन की कीमतें अपरिवर्तित रखी गई हैं। इसके अलावा भूटान में भी तेजी से कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है।

**पीएम के संवाद से पहले का घटनाक्रम :** मंत्रालय की ये टिप्पणी एक ऐसे समय में सामने आई है। जब एक ओर केंद्र ने हालिया हुई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को साफ शब्दों में उक्त तथ्य और पाकिस्तान की संघर्षविराम की पहल को लेकर अपने देश के ऊपर की जा रही शंका को लेकर विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर कड़े अंदाज में यह कह चुके हैं कि पड़ोसी शत्रु देश पाकिस्तान का 'दलाली' का दशकों पुराना इतिहास रहा है। भारत की उससे कोई तुलना नहीं हो सकती है यानी भारत, पाकिस्तान की तरह 'दलाल देश' नहीं है। वहीं, दूसरी ओर शुक्रवार को पश्चिम-एशिया के हालात पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अहम बातचीत होने वाली है। जिसमें स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही राज्यों की तैयारियों को भी परखा जाएगा।

**लंबी लाइन वाले पंपों पर सबको मिला तेल :** मंत्रालय ने बताया कि देश में कुछ चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर लोगों ने घबराहट में तेल की खरीद की है। जिसके पीछे सोशल मीडिया पर जानबूझकर कुछ वीडियो के जरिए फैलाई जा रही गलत सूचना मुख्य वजह बनी है। जबकि इन पंपों पर लगी हुई लाइन या वृद्धि के बाद भी सभी उपभोक्ताओं को ईंधन की आपूर्ति की गई और तेल कंपनियों के डिपो आपूर्ति बढ़ाने के लिए रात भर चालू रहे। पेट्रोल पंप मालिकों की कार्यशील पूंजी समस्या के चलते किसी भी पंप पर तेल की कमी न पड़े। उसके लिए तेल कंपनियों द्वारा पेट्रोल पंपों को दी जाने वाली क्रेडिट अवधि को पहले के एक दिन की अनुमति से बढ़ाकर 3 दिन से अधिक करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं।

**6 नहीं 74 दिन का है तेल भंडार :** कुछ सोशल मीडिया वीडियो, लेखों के जरिए किए जा रहे 6 दिनों के तेल भंडार के दावे को खारिज करते हुए मंत्रालय ने कहा, भारत की कुल भंडार क्षमता 74 दिनों की है। पश्चिम एशिया तनाव के 27वें दिन भी वास्तविक भंडार करीब 60 दिनों का है। दुनिया में जो कुछ भी हो, देश में हर भारतीय के लिए दो महीने की स्थिर आपूर्ति उपलब्ध है। इतना ही नहीं हमने अगले 2 महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी सुनिश्चित कर ली है। भारत अगले कई महीनों के लिए पूर्णतः सुरक्षित है। ऐसे में तेल भंडार के खत्म होने या अपर्याप्त होने के सभी दावों को सरकार खारिज करती है।

## 1 महीने की एलपीजी ...

अंतिम रूप दिया जा रहा है। तेल कंपनियां रोजाना 50 लाख से ज्यादा सिलेंडर वितरित कर रही हैं। पैनिक बुकिंग के चलते ये आंकड़ा 89 लाख तक पहुंच गया था। अब फिर से घटकर यह 50 लाख सिलेंडर रह गई है। जमाखोरी, कालाबाजारी रोकने के लिए राज्यों के लिए कमर्शियल एलपीजी का आवंटन बढ़ाकर 50% कर दिया है।

**पीएनजी कनेक्शन का एलपीजी से संबंध नहीं :** मंत्रालय के मुताबिक, राज्यों के सहयोग से केंद्र पीएनजी को बढ़ावा दे रहा है। ये भारतीय घरों के लिए सस्ती, स्वच्छ और सुरक्षित गैस है। घरेलू पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ से ज्यादा हो गए हैं। जो दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति का प्रतीक हैं। आज के संकट से इसका कोई लेना देना नहीं है। अब ये कहना कि एलपीजी खत्म होने की वजह से पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है, सरासर गलत है। केंद्र ने कुछ शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए जा रहे भ्रामक वीडियो, पोस्ट पर चिंता करते हुए उन्हें चेतावनी देते हुए ऐसा न करने की हिदायत दी है।

## ईरान ने भारत...

पैदा नहीं होता है। लेकिन बाकी के लिए होर्मुज की खाड़ी खुली हुई है। पूर्व में मित्र देशों की सूची में केवल पांच देश थे। लेकिन अब मलेशिया भी इसका हिस्सा बन गया है। जिसकी घोषणा मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने की है। टेलीविजन पर दिए संबोधन में इसके लिए उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेज़ेश्कियन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## भारत के लिए....

अधिक है। इसलिए मौजूदा समय में होर्मुज पर लगाए गए ईरान के प्रतिबंध की वजह से कच्चा तेल और एलपीजी की खेप लिए हुए जहाजों को देश पहुंचने पर सामान्य दिनों के मुकाबले कुछ अधिक समय लग रहा है। अभी भी वहां हमारे कुल 20 जहाज और 500 से ज्यादा नाविक फंसे हुए हैं। लेकिन अब ईरान द्वारा प्रदान की गई हरी झंडी से काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

## पाकिस्तान की मध्यस्थता ...

को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि जहां वर्ष 2008 के 26/11 मुंबई आतंकी हमला के बाद भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता हासिल की थी, वहीं वर्तमान परिदृश्य में ऐसा नहीं हो पाया।

**मनमोहन सरकार बनाम मौजूदा स्थिति:** जयराम रमेश ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय भारत वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की भूमिका उजागर करने में सफल रहा था। इसके विपरीत, उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के पहलगाम आतंकी हमला के बाद भी भारत पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने में असफल रहा है।

**अंतरराष्ट्रीय समीकरणों पर भी टिप्पणी:** कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली होते दिख रहे हैं और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम के साथ उनके समीकरणों का भी उल्लेख किया।

**'भारत ब्रोकर नहीं, लेकिन...':** विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कि "भारत ब्रोकर देश नहीं है" जयराम रमेश ने कहा कि भले ही यह बात सही हो, लेकिन भारत की कूटनीति, वैश्विक संपर्क और नैरेटिव प्रबंधन की "भारी विफलताओं" ने पाकिस्तान जैसे देश को यह भूमिका निभाने का अवसर दिया है।

## मुझ पर इतने केस, केरलम ...

है। खरगे ने एलडीएफ सरकार की नाकामियां गिनाते हुए कहा कि उसे दो पूर्ण कार्यकाल मिले, लेकिन उसने कुछ नहीं किया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि दूध के बूथों की जगह शराब की दुकानें बढ़ गईं। साथ ही कहा कि आज राज्य ड्रग्स का बड़ा केंद्र बन गया है। आर्थिक तंगहाली का उल्लेख करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केरलम पर कर्ज का बोझ बढ़कर छह लाख करोड़ रु तक पहुंचने वाला है। आज हर व्यक्ति पर लगभग 1.7 लाख रु का कर्ज है। उन्होंने एलडीएफ सरकार पर मालाबार क्षेत्र को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया। विदेश में रह रहे केरलम के लोगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध के समय वे वापस आ रहे हैं, लेकिन सरकार उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं कर रही। सबरीमाला मंदिर से सोना चोरी होने का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि एलडीएफ सरकार ने भगवान को भी नहीं बख्शा। जिस सरकार ने मंदिर के सोने पर हाथ साफ किया, उससे क्या उम्मीद की जा सकती है? वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कल उनकी माता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हुईं थीं, इसलिए उन्हें उनके पास ही रुकना पड़ा। एलडीएफ-भाजपा के बीच मिलीभगत पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देशभर में विपक्षी नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। उनके (राहुल) खिलाफ भी लगभग 40 केस हैं। ईडी ने उनसे लगातार पांच दिनों तक पूछताछ की। लेकिन भाजपा केरलम के मुख्यमंत्री पर हमला क्यों नहीं करती? मुख्यमंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के केस आगे क्यों नहीं बढ़ रहे हैं? उन्होंने इसे भाजपा और एलडीएफ के बीच मिलीभगत का सबसे बड़ा सबूत बताया। राहुल गांधी ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्तर पर हर वर्ष दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था। उसी तर्ज पर केरलम के मुख्यमंत्री ने राज्य में 40 लाख नौकरियों का वादा किया था। लेकिन उन्होंने एक दशक में नौकरियां नहीं दी; बल्कि नौकरियां ही खत्म कर दीं। उन्होंने कहा कि राज्य में हर तीन में से एक युवा बेरोजगार है और ऐसे हालात में एलडीएफ शासन में पिछले दरवाजे से नियुक्तियां हो रही हैं। उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और बढ़ती नशाखोरी का मुद्दा भी उठाया। राहुल गांधी ने मंगलवार रात का जिक्र करते हुए बताया कि वह अस्पताल में अपनी माँ के कमरे में सोफ़े पर सो रहे थे और उनकी सेहत को लेकर बहुत परेशान थे। उन्हें केरलम की एक नर्स से सुकून मिला जो हर घंटे उनकी माँ को देखने आती थी। उन्होंने (राहुल) खुद को यह सोचते हुए पाया कि केरलम की नर्सों ने कितने बेटों, बेटियों, भाइयों और बहनों को उनके सबसे मुश्किल पलों में सुकून दिया है। कांग्रेस नेताओं ने जनता से अपील की कि वे यूडीएफ उम्मीदवारों को वोट दें। उन्होंने कहा कि यूडीएफ की सरकार आने पर केएसआरटीसी की बसों में सभी महिलाओं को मुफ्त बस सफर की सुविधा मिलेगी। कॉलेज की छात्राओं को हर महीने एक हजार रुपये की वित्तीय मदद दी जाएगी। वेलफेयर पेंशन बढ़ाकर तीन हजार रुपये की जाएगी। 25 लाख रुपये के बीमा कवर वाली नई हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम लागू की जाएगी। युवाओं को अपना व्यापार शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का बिना ब्याज का ऋण मिलेगा। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक समर्पित मंत्रालय का गठन किया जाएगा। इस दौरान खरगे ने यह भी याद दिलाया कि राहुल गांधी ने केरल से वादा किया है कि यूडीएफ के सत्ता में आने पर एक फीफा-एक्रेडिटेड स्टेडियम बनाया जाएगा, जो महान फुटबॉल खिलाड़ियों की मेजबानी कर सके। इस दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, दीपा दासमुंशी, सन्नी जोसेफ, वी.डी. सतीशन, सैयद सादिक अली शिहाब थंगल, के. सुधाकरन, रमेश चेन्निथला, पी.के. कुन्हालिकुट्टी, एम.के. राघवन, सचिन पायलट, इमरान प्रतापगढ़ी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## फ्रांस में जून .....

जापान, जर्मनी, इटली, कनाडा और फ्रांस जैसे दुनिया के कुल सात देश शामिल हैं। भारत इसका सदस्य नहीं है। लेकिन फ्रांस द्वारा उसे आमंत्रित किया गया है। पूर्व में भी समूह के अन्य आयोजकों द्वारा विशेष तौर पर आमंत्रित किए जाने के बाद भारत समूह की बैठकों में भागीदारी कर चुका है। 2026 में भारत के अलावा सऊदी-अरब को भी जी-7 बैठक के लिए बुलाया गया है। बहुत संभावना है कि डॉ.जयशंकर और सऊदी-अरब के विदेश मंत्रियों के बीच भी एक बैठक हो सकती है।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को दी है यह जानकारी

# पश्चिम-एशिया संकट के बीच पी. कुमारन होंगे ब्रिटेन में भारत के नए उच्चायुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी पी. कुमारन को ब्रिटेन में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। जल्द ही वह अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। कुमारन, विक्रम दोराईस्वामी की जगह पर ब्रिटेन में यह दायित्व संभालेंगे। जिन्हें सरकार ने चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया है। वर्ष 2025 से पी.कुमारन मंत्रालय में सचिव (पूर्व) के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें हिंदी, अंग्रेजी के अलावा तमिल, अरबी भाषाओं का अच्छा ज्ञान है। ब्रिटेन के साथ बीते वक्त में हुए भारत के द्विपक्षीय व्यापक व्यापार समझौते में उनकी भूमिका रही है।



### मिस्र के काहिरा में रहा पहला कार्यकाल

बतौर विदेश सेवा के अधिकारी के रूप में पी.कुमारन का पहला कार्यकाल मिस्र की राजधानी काहिरा में वर्ष 1994 से 97 तक भारत के तीसरे सचिव के रूप में रहा है। जिसके बाद वह त्रिपोली, ब्रुसेल्स में भारत के राजनयिक प्रतिनिधि में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इन सभी नियुक्तियों के बाद वह भारत लौटे और 2003 से 2005 तक उन्होंने विदेश मंत्रालय में उप-सचिव (यूरोप-पश्चिम) के रूप में कार्य किया। इसके अलावा बेंगलुरु, इस्लामाबाद और वाशिंगटन, कोलंबो, सिंगापुर में भी कुमारन ने जरूरी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। उधर, चीन में भारत के निवर्तमान राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की है।

# प्रवेश ने शीश महल का वीडियो जारी कर साधा केजरीवाल पर निशाना



- वीडियो में मंत्री ने शीश महल में लगे लग्जरी सामानों को दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक निवास रहे बंगले का एक वीडियो 'धुरंधर 3' शीर्षक से बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए केजरीवाल को 'दिल्ली का रहमान डकैत' बताया।

मंत्री प्रवेश ने वीडियो में आवास की भव्य चीजो और उनकी कीमत की जानकारी दी। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' में रहमान डकैत एक पाकिस्तानी गैंगस्टर है। मंत्री प्रवेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लगभग 15 मिनट का वीडियो साझा किया है जिसमें वह फ्लैगस्टाफ रोड स्थित 6 नंबर बंगले का दौरा करते हुए दिख रहे हैं। दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली को सादगी और ईमानदारी की राजनीति का वादा किया गया था। लोगों से कहा गया था कि न बड़ा बंगला होगा, न भव्य जीवनशैली। लेकिन जो दिख रहा है, वह उन वादों से बिल्कुल अलग है। बंगले में उच्च गुणवत्ता की सामग्री, लग्जरी फिटिंग्स और एडवांस ऑटोमेशन का व्यापक उपयोग दिखाई देता है। प्रवेश द्वार से लेकर ऊपरी मंजिलों तक, हर हिस्से में खर्च का स्तर साफ नजर आता है। निरीक्षण के दौरान कई महंगे इंस्टॉलेशन सामने आए, जिनमें लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की मॉड्यूलर किचन, करीब 5 लाख रुपए की चिमनी, 88 लाख रुपए तक के प्रीमियम झूमर, लगभग 95 लाख रुपए के पर्दे और 28 लाख रुपए तक की टीवी यूनिट्स शामिल हैं। इसके अलावा लगभग 6 लाख रुपए का जकूज़ी और करीब 10 लाख रुपए का सॉना रूम भी मौजूद है।

# दिल्ली को प्रमुख पर्यटन शहर के रूप में किया जाए विकसित : सूद

- द्वितीय आईसीसी एविएशन एवं टूरिज्म समिट 2026 का आयोजन

**नई दिल्ली।** अब समय आ गया है कि दिल्ली को केवल ट्रांजिट हब के रूप में नहीं बल्कि प्रमुख पर्यटन शहर के रूप में विकसित किया जाए। यह बात दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने भारतीय वाणिज्य मंडल के तत्वावधान में आयोजित टूरिज्म समिट 2026 में गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि कही। सूद ने कहा कि ब्रांडिंग दिल्ली' पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके लिए बजट में 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पहली बार भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने दिल्ली को वैश्विक रचनात्मक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में नई पहचान दी है। सूद ने कहा कि हम 'विरासत भी, विकास भी' के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहे हैं। चांदनी चौक स्थित 160 वर्ष पुराने टाउन हॉल का पुनर्विकास कर उसे वैश्विक विरासत केंद्र बनाया जा रहा है, साथ ही 'दिल्ली हाउस' का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में आईसीसी टूरिज्म एक्सीलेंस अवॉर्ड्स के द्वारा पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया। इस समिट एविएशन के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र के प्रमुख नेता, नीति-निर्माता, उद्योग विशेषज्ञ और हितधारक एक मंच पर आए जहां उन्होंने इस क्षेत्र के विकास, नई संभावनाओं और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत, विशेष रूप से दिल्ली को वैश्विक पर्यटन एवं विमानन हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर सूद ने देश-विदेश से आए विशिष्ट अतिथियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों तथा राजधानी दिल्ली के सभी मित्रों का स्वागत किया।

चिंतन

# तेल-गैस की कमी नहीं अफवाहों पर ध्यान न दें

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध से खाड़ी देशों में हुए तनाव के कारण दुनिया में तेल और गैस का संकट बना हुआ है। हालांकि भारत में ऐसे हालात नहीं हैं, लेकिन यह जरूरी है कि लोग तेल और गैस की जमाखोरी न करें, ताकि सप्लाई चेन बनी रहे। जमाखोरी पर अंकुश लगने से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आपूर्ति बनी रहेगी और लोग पैनिक नहीं होंगे। जमाखोरी से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो जाता है और अफवाहें फैलती हैं। इससे दिक्कतें आती हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर तेल और गैस की कीमतों और आपूर्ति पर पड़ता है, परंतु यह मान लेना कि देश में इनकी कमी हो गई है, पूरी तरह से भ्रामक है। ऐसे समय में सबसे बड़ी चुनौती वास्तविक संकट नहीं, बल्कि अफवाहों और उससे उपजी पैनिक की स्थिति होती है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई चेन को बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। विभिन्न स्रोतों से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। रूस, अर्जेंटीना और ईरान जैसे देशों से आयात बढ़ाकर भारत ने अपने ऊर्जा स्रोतों को विविध बनाया है, जिससे किसी एक क्षेत्र में तनाव का सीधा असर देश की ऊर्जा जरूरतों पर न पड़े। इसके बावजूद, कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंपों पर भीड़ या गैस सिलेंडर की अधिक मांग देखने को मिलती है। यह स्थिति वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों और जमाखोरी की प्रवृत्ति के कारण उत्पन्न होती है। जब लोग यह मान लेते हैं कि आगे चलकर कमी हो सकती है, तो वे जरूरत से ज्यादा खरीदने लगते हैं। इससे अस्थायी रूप से सप्लाई प्रभावित होती है और फिर यही स्थिति अफवाहों को और हवा देती है। इस तरह एक कृत्रिम संकट पैदा हो जाता है, जो वास्तव में मौजूद नहीं होता। जमाखोरी केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी हानिकारक है। यह न केवल अन्य लोगों के अधिकारों का हनन करती है, बल्कि पूरे सिस्टम पर दबाव डालती है। यदि हर व्यक्ति अपनी जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करे, तो उपलब्ध संसाधन आसानी से सभी तक पहुंच सकते हैं। इसलिए इस समय जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना अत्यंत आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और समय-समय पर लोगों को अपडेट दे रही हैं। आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों और साधनों का उपयोग किया जा रहा है। ईरान द्वारा भारतीय जहाजों के लिए मार्ग खोलना भी एक सकारात्मक संकेत है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर भी स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका के रुख में नरमी और कूटनीतिक प्रयासों के चलते उम्मीद की जा रही है कि यह तनाव जल्द ही कम होगा। जैसे ही हालात सामान्य होंगे, ऊर्जा बाजार में स्थिरता लौट आएगी। कीमतों और आपूर्ति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका भी इस समय महत्वपूर्ण हो जाती है। गलत सूचनाएं और अपुष्ट खबरें लोगों में भय पैदा करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि लोग केवल विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें और किसी भी अफवाह को बिना जांचे-परखे आगे न बढ़ाएं। जागरूकता और संयम ही इस स्थिति से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका है।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# ईरान पर ट्रंप की घोषणा को कैसे लें

> मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरूसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा?

ईरान से जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रूथ सोशल पर तत्काल हमले रोकने और बातचीत के पोस्ट से दुनिया में हलचल मच गई। ट्रंप का पोस्ट सामने आने के साथ ईरान का किसी प्रकार की बातचीत से इनकार करने का बयान कई प्रश्न खड़ा करता है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले दो दिनों में, अमेरिका और ईरान देश के बीच, मध्यपूर्व में हमारी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में बहुत अच्छी और काम की बातचीत हुई है। इन गहरी, विस्तृत और रचनात्मक बातचीत के अंदाज और लहजे के आधार पर जो पूरे हफ्ते जारी रहेंगी। मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी तरह के सैन्य हमले को पांच दिनों के लिए टाल दें। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि चल रही बैठकें और बातचीत कितनी सफल रहती हैं।" इस तरह के पोस्ट से सहसा यह संदेश जाएगा ही कि अमेरिका ने युद्ध रोक दिया है और बातचीत इस अवस्था में पहुंची है कि युद्धविराम हो जाएगा। किंतु यह पोस्ट ही बहुत कुछ कहता है। पोस्ट के बावजूद अमेरिका की ओर से ईरान पर हमले हो रहे हैं और दोनों लड़ रहे हैं। इस पोस्ट में युद्धविराम शब्द का उल्लेख नहीं है।

ध्यान रखिए, ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि वह हार्मूज जलडमरुमध्य को मुक्त करे अन्यथा 48 घंटे बाद उसके ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले होंगे। इसे ही उन्होंने इस पोस्ट के जरिए 5 दिन आगे बढ़ाया। इसमें अगले 5 दिन केवल बिजली और ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमले न करने की बात है। दूसरे, इसमें मध्यपूर्व में दुश्मनी खत्म करने पर बातचीत का अर्थ व्यापक है। मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरूसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा? ट्रंप प्रशासन की ओर से दिया गया 15 सूत्री प्रस्ताव इसी की पुष्टि करता है। इसे स्वीकार करने का मतलब होगा ईरान इजराइल केंद्रित अपने सभी गतिविधियां समाप्त करेगा तथा न्यूक्लियर कार्यक्रम एवं सैन्य शक्ति के लिए अमेरिका की इच्छा अनुसार ही आगे काम कर पाएगा। ऐसा करने का मतलब इस्लामी देश के रूप में ईरान को विसर्जित करना होगा। इजरायल को मान्यता दिलाने के लिए ट्रंप ने पहले कार्यकाल में अब्राह्मिक समझौता का प्रारूप लाया था, जिसे कुछ अरब देशों ने स्वीकार किया है। ईरान का इस्लामी शासन इसे स्वीकारने को तैयार नहीं रहा है। कुछ विश्लेषकों का मत है कि ट्रंप पर आंतरिक दबाव है, क्योंकि युद्ध के खर्चे से अर्थव्यवस्था पर उल्टा प्रभाव हो रहा है। चूंकि युद्ध संपूर्ण विश्व को दुष्प्रभावित कर रहा है इसलिए अधिकतर देश इसका अंत चाहते हैं। अमेरिका में लोगों को संदेह है कि ट्रंप आगे कर लगाएंगे और महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने



अमेरिकी कांग्रेस से 200 अरब डॉलर की मांग की है।

ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह युद्ध के लिए नहीं, पहले से प्रस्तावित है और पूरक है। युद्ध का व्यय है और यह सामान्य नहीं हो सकता, लेकिन दबाव अमेरिका पर होगा और ईरान पर नहीं यह तर्क हास्यास्पद है। डेढ़ दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल है। युद्ध ने ईरान द्वारा विनाशकारी हथियारों के निर्माण और मिसाइल कार्यक्रम को अनुमान से काफी अधिक विस्तार के आरोपों को सही साबित किया है। अगर वह दियागो गार्सिया में चार हजार किलोमीटर से ज्यादा तक मिसाइल हमले कर सकता है तो इसका अर्थ है ईरान के शास्त्रस्त्रों को लेकर अनेक रक्षा विश्लेषक अमेरिका को झूठा साबित करने की कोशिश कर रहे थे वे सही नहीं थे। इस दृष्टि से भी अमेरिका के लिए उसको कमजोर करना अपरिहार्य हो गया है अन्यथा अरब देश भी रक्षा के लिए नाभिकीय हथियारों की सीमा तक जाने की कोशिश कर सकते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने ट्रंप के पोस्ट के तीन दिनों पहले कहा था कि उनका युद्ध अमेरिका से अलग है। इजराइल द्वारा ईरान के सबसे बड़े गैस केंद्र वेस्टर्न पोर्स पर हमले की आलोचना के बीच ट्रंप ने कहा था कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। इसके बाद बेंजामिन नेतान्याहू ने बयान दिया था। इसका अर्थ है कि अमेरिका कभी हमले रोकने या युद्ध न करने की घोषणा करे दे तो भी इजराइल उसका अनुपालन करने को बाध्य नहीं है। हालांकि अमेरिका युद्ध न करने का दबाव बना दे तो इजरायल ऐसा कर नहीं सकता किंतु जहां उसके राष्ट्र के अस्तित्व का प्रश्न हो तो कोई उसे कैसे रोक सकता है। युद्ध के कुछ समय तक ट्रंप अकेले पड़े थे। ट्रंप के पोस्ट के पहले कुछ स्थितियां भी बदलीं। उन्होंने नाटो के साथ जापान, चीन आदि देशों से हौर्मूज को खुलवाने में आगे आने की अपील किया था। पहले इसमें आनाकानी थी, पर 22 देशों ने संयुक्त बयान जारी कर ईरान को चेतावनी दिया कि वह हौर्मूज में जहाजों का मुक्त आवागमन कायम करें। साफ कहा गया है कि सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 के अंतर्गत समुद्र में स्वतंत्र नेविगेशन अधिकार है। इस चेतावनी का मतलब ईरान ऐसा नहीं करता तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इन 22 देशों में फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया आदि शामिल हैं। इनमें ब्रिटेन को छोड़ कोई युद्ध में ट्रंप के साथ नहीं था। 22 में अरब के केवल दो प्रमुख देश सऊदी अरब और बहरीन हैं। इसके पहले 12 इस्लामी देशों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में बैठक कर संयुक्त बयान जारी किया जिसमें ईरान द्वारा इस्लामी देशों पर हमले रोकने को कहा।

तो यह कहना कि अमेरिका पर दबाव है और ईरान पर नहीं यह ग़लत है। इस्लामी देशों के साथ 22 देशों का बयान ईरान को ही कठघरे में खड़ा करता है। दोनों बयानों में अमेरिका या इजराइल के लिए आलोचना का एक शब्द नहीं है। ईरान हौर्मूज और पड़ोसी देशों पर हमले को लेकर अकेला पड़ चुका है। उसके सर्वोच्च नेताओं की बड़ी संख्या मारी जा चुकी है। यह स्थिति न अमेरिका की है और न इजराइल की। ईरान ने इस्लामी शासन को भी शीर्ष से नीचे तक इतनी परिधियों में निर्मित किया है कि उनका ध्वस्त हो जाना अत्यंत कठिन है। अमेरिका तथा इजरायल अभी इस लक्ष्य की ओर शायद ही बढ़ें। किंतु वे सत्ता को इतना दुर्बल अवश्य बनना चाहेंगे ताकि आंतरिक विद्रोह के कारण परिवर्तन की संभावना सशक्त हो और उसमें उनकी भूमिका हो। इसे समझने वालों का निष्कर्ष यही होगा कि ट्रंप के पोस्ट को एकाएक युद्ध रोकने के रूप में नहीं लिया जाए। संभव है उनकी रणनीति हो।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

राजनीति
अम्बरीष प्रजापति




# अमेरिका और ट्रंप के बयानों के इर्द-गिर्द विपक्ष की राजनीति

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद होना न केवल स्वाभाविक है, बल्कि यह एक जीवंत शासन व्यवस्था का लक्षण भी है। परंतु, राजनीति की एक मर्यादा रेखा वहां खिंच जानी चाहिए जहां देश की विदेश नीति और प्रधानमंत्री की अंतरराष्ट्रीय छवि का प्रश्न हो। हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति में एक चिंताजनक प्रवृत्ति देखी गई है। विदेशी नेताओं के दावों या अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को आधार बनाकर अपने ही देश के नेतृत्व पर प्रहार करना। यह प्रवृत्ति न केवल कूटनीतिक समझ पर प्रश्न चिह्न खड़ा करती है, बल्कि अनजाने में उन विदेशी ताकतों के हाथ मजबूत करती है जो भारत को एक विभाजित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती हैं। अमेरिकी राजनीति अपनी विशिष्ट शैली के लिए जानी जाती है। जहां नेता अक्सर घरेलू मतदाताओं को लुभाने के लिए अतिशयोक्ति पूर्ण दावे करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया, इसी श्रृंखला का हिस्सा था। विडंबना यह है कि जब स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के पवित्र पटल पर इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, तब भी विपक्ष ने एक विदेशी नेता के इस बयान को पत्थर की लकीर मान लिया। विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के लिए बारबार 'सरेंडर' या 'कॉम्प्रोमाइज्ड' जैसे शब्दों का प्रयोग करना राजनीतिक अपरिपक्वता दर्शाती है। विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या भारत जैसा परमाणु शक्ति संपन्न और विश्व की उभरती आर्थिक महाशक्ति किसी एक फोन कॉल पर अपनी रक्षा रणनीतियों से समझौता कर सकता है? विदेशी धरती से आने वाले बयानों पर मुग्ध होकर अपने ही नेतृत्व पर कीचड़ उछालना न तो लोकतंत्र के हित में है और न ही राष्ट्र के स्वाभिमान के। आज की वैश्विक परिस्थितियों को देखें तो विपक्ष के तर्कों की खोखली बुनियाद स्वतः स्पष्ट हो जाती है। जो अमेरिका व ईरान के साथ युद्ध में संघर्ष की स्थिति में है, जिसे नाटो देशों से मदद की गुहार लगानी पड़ी है और जो धमकियां देने के बावजूद युद्ध के मैदान में अनिर्णय की स्थिति में है, क्या वह वास्तव में इस स्थिति में है कि भारत जैसे देश पर अपनी मर्जी थोप सकें? जो स्वयं संकट के समाधान के लिए सहयोगियों की बाट जोह रहा हो, उसके बयानों को आधार बनाकर मोदी सरकार को कॉम्प्रोमाइज्ड कहना तर्कहीनता है। ईरान-अमेरिका संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को हिलाकर रख दिया है। दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति बाधित है, लेकिन इस भीषण संकट के बीच भी भारत का सुरक्षित रास्ता निकालना एक बड़ी कूटनीतिक विजय है। यदि भारतीय नेतृत्व वास्तव में 'कॉम्प्रोमाइज्ड' होता, तो होर्मुज जलक्षेत्र से हमारे जहाज शिवालिक और नंदा को सुरक्षित रास्ता कभी न मिलता। वहीं, शिवालिक और नंदा जहाज एलपीजी गैस लेकर भारत पहुंच भी गए। यह किसी दबाव का नहीं, बल्कि भारत की कूटनीतिक रणनीति और विदेश नीति का परिणाम है। कूटनीति में रियायतें कमजोरी से नहीं, बल्कि सामर्थ्य से हासिल की जाती हैं। यह बेहद संवेदनशील विषय है कि जब-जब विदेशी मंचों से भारत के विरुद्ध कोई भ्रामक नैरेटिव गढ़ा जाता है, तब हमारा विपक्ष उसी भाषा में प्रतिध्वनि करने लगता है। प्रधानमंत्री के लिए वोट चोर, सरेंडर, कॉम्प्रोमाइज्ड जैसे शब्द विशेषणों का उपयोग अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि को ही धुंधला करता है। संकट के समय जब दुनिया भारत की कूटनीतिक कुशलता को देख रही है, तब अपने ही घर में इस तरह की बयानबाजी प्रतिद्वंद्वी देशों के एजेंडे को हवा देती है। राजनीति में विरोध मुद्दों पर होना चाहिए, विदेशी दुष्प्रचार पर नहीं। कूटनीतिक सफलताएं किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की होती हैं। जब हम अपने संस्थानों और संवैधानिक पदों की गरिमा को विदेशी चश्मे से तौलने लगते हैं, तो हम अपनी स्वतंत्रता को ही जोखिम में डालते हैं। यह समझना आवश्यक है कि सत्ताएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश की साख और प्रधानमंत्री के पद की गरिमा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। भारत आज उस मुकाम पर है जहां वह अपनी शर्तें खुद तय करता है। ईरान युद्ध के बीच भारत की रणनीतिक स्थिरता ने यह सिद्ध कर दिया है कि हम किसी के पिछलग्गू नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति हैं। विपक्ष को अब विदेशी चश्मे को उतारकर भारतीय चश्मे से देश की प्रगति को देखना होगा। विदेशी धरती से उठने वाले शोर को अपनी सियासत का एजेंडा बनाना बंद करना ही राष्ट्रहित में है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान के विषयों पर कम से कम देश के भीतर एक सुर होना चाहिए क्योंकि राष्ट्र प्रथम की भावना ही लोकतंत्र की असली शक्ति है। इसलिए सभी दलों को पीएम पद की गरीमा का ध्यान रखना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मनुष्य इंद्रिय विषयों में आनंद अनुभव करता है



संकलित
दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है। केवल उन पर ध्यान करो और अन्य सब बातें त्याग दो (मुंडकोपनिषद)। जो लोग केवल उन्हीं की चर्चा करते हैं, वे भक्त को मित्र समान प्रतीत होते हैं और जो अन्य लोग अन्य विषयों की चर्चा करते हैं, वे उनको शत्रु समान दिखते हैं।


## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया। जाते समय गाय और उसका मालिक दोनों एक दूसरे की तरफ कृतज्ञता पूर्वक देख रहे थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### समान नागरिक संहिता का गुजरात मॉडल

गुजरात विधानसभा में पारित 'यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) विधेयक, 2026' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय समाज की संरचना में एक व्यापक बदलाव का संकेत है। यह विधेयक उस लंबे विमर्श का परिणाम है, जो दशकों से "समान नागरिक कानून" की अवधारणा को लेकर देश में चलता रहा है। अब गुजरात ने इस दिशा में ठोस पहल करते हुए विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान कानूनी ढांचा लागू करने का साहसिक निर्णय लिया है। यह कदम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप है, जो राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में प्रयास करने का निर्देश देता है। – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

### ट्रेंड

#### रामनवमी की शुभकामनाएं




देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना। **-नरेंद्र मोदी**, पीएम

#### चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था



भारत देश में चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है। अगर किसी के पास चुनाव आयोग के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं तो वो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। इस बार टीएमसी बुरी तरह से हारेगी और दो तिहाई बहुमत के साथ पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। **-सुकांता मजूमदार**, केंद्रीय मंत्री

#### सतीशान की प्रतिक्रिया जानें



केरल के धर्मनिरपेक्ष लोगों को विपक्ष के नेता वी डी सतीशान की प्रतिक्रिया जानने का अधिकार है, जिन्होंने 2006 में अपने परवूर निर्वाचन क्षेत्र में माधव सदाशिव गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लिया था। **-पिनारयी विजयन**, सीएम केरल

#### मेरा केरल पर फोकस



मेरा फोकस केरल चुनाव पर है। असम, बंगाल, तमिलनाडु में मेरे साथी कैंपेन कर रहे हैं। केरल में लोग बदलाव चाहते हैं। भाजपा राज्य में कोई अप्रासंगिक कारक नहीं है। असली लड़ाई यूडीएफ व एलडीएफ के बीच है। भाजपा को वोट देना बेकार है। यूडीएफ को वोट दें। **-शशि थरूर**, कांग्रेस सांसद

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### करंट अफेयर

## रूस अपने मालवाहक जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराएगा


रूस ने कहा है कि वह अपने मालवाहक जहाजों को नौसैनिक सुरक्षा प्रदान करेगा क्योंकि पश्चिमी देशों की नौसेनाओं द्वारा ऐसे जहाजों को रोकने की घटनाएं बढ़ रही हैं। रूस के मैरीटाइम बोर्ड ने बुधवार को एक बैठक में अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर रूसी जहाजों की जब्ती या रोकथाम से निपटने के लिए नए दिशा-निर्देश तैयार किए। ये दिशा-निर्देश मुख्य रूप से अजोव-काला सागर क्षेत्र और बाल्टिक सागर पर लागू होंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य क्षेत्रों में भी नौसैनिक सुरक्षा दी जाएगी या नहीं। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब यूरोपीय देश रूस के तथाकथित शैडो फ्लीट को बाधित करने की कोशिशें तेज कर रहे हैं, जिनका उपयोग भारत और चीन जैसे पारंपरिक ग्राहकों तक हाइड्रोकार्बन पहुंचाने के लिए किया जाता है। बोर्ड के प्रमुख निकोलाई पत्रुशेव ने कहा, रूस के साथ काम करने वाले जहाज मालिकों को नौसेना के साथ समन्वय के निर्देश दिए गए हैं और रूसी मालवाहक जहाजों की निगरानी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि जहाजों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रूसी नौसेना उनकी निगरानी करेगी और नौवहन क्षेत्रों पर नजर रखेगी।



### ऑफ बीट

## पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न

पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ – और डॉक्टर – पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं। दर्द किसी चोट से उत्पन्न हो सकता है।








## पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान हिंसा

# दक्षिण 24 परगना में भाजपा कार्यकर्ताओं को पीटा पुलिस समेत 10 कार्यकर्ता घायल, 8 उपद्रवी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल से एक बड़ी खबर है। दक्षिण 24 परगना जिले के बसंती में भाजपा उम्मीदवार बिकाश सरदार के चुनाव प्रचार के दौरान भीषण हिंसा भड़क उठी। बसंती बाजार के पास उपद्रवियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई की और पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया। इस झड़प में कई पुलिसकर्मी और कम से कम 8-10 भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। इस घटना के बाद कम से कम 8 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है हिंसा के बाद भारी संख्या में सीएपीएफ और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया, जिससे स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना दोपहर करीब 1 बजे हुई, जब भाजपा उम्मीदवार बिकाश सरदार चुनाव प्रचार कर रहे थे। सरदार ने आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सुनियोजित तरीके से हमला किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सड़कें जाम कर दीं और पुलिस पर भी हमला किया। तृणमूल ने बीडीओ और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर भाजपा पर हमला करने की कोशिश की है। वे अपनी हार से डरे हुए हैं। मेरे भाई पर भी हमला हुआ और कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई।

**408 करोड़ की चीजें जब्तः** चुनाव आयोग ने बताया कि कमीशन ने 408 करोड़ के कैश के साथ ही शराब और अन्य चीजें भी जब्त की है। चुनावों से ठीक पहले अवैध धन और सामग्री के खिलाफ अब तक की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

## बिकाश सरदार के प्रचार के दौरान हमला, टीएमसी पर लगा आरोप

### आरएएफ जवान भागा

घटना से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कथित वीडियो में दिखाया गया है कि उपद्रवियों के एक समूह ने एक व्यक्ति को बांस की लाठियों से बुरी तरह पीटा जा रहा है। हालांकि, इस वीडियो की सत्यता की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। झड़प के दौरान एक आरएएफ जवान को भागते हुए भी देखा गया।



दक्षिण 24 परगना जिले में हमले के बाद जवानों ने स्थिति पर काबू पाया

### हथियार और लाठियों से किया गया हमला

इस हमले के बाद एक घायल भाजपा कार्यकर्ता ने बताया कि लगभग 8-10 भाजपा कार्यकर्ता घायल हुए। मैं पुलिस वैन के साथ था। बसंती बाजार के पास मुझ पर पीछे से हमला किया गया। उपद्रवियों के पास हथियार थे और वे हमें बांस की लाठियों से पीट रहे थे। फिलहाल स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गए हैं और स्थिति को काबू में करने का प्रयास शुरू कर दिया है। मामले की जांच जारी है।

## बंगाली-गैर-बंगाली के खिलाफ भ्रष्टाचार-घुसपैठियों का मुद्दा उछला

बंगाल चुनाव से पहले भाजपा एक्शन मोड में है। वह टीएमसी की सरकार के खिलाफ चार्जशीट जारी करने वाली है। गृहमंत्री अमित शाह 28 मार्च को कोलकाता में ममता के खिलाफ चार्जशीट जारी करेंगे। यह चार्जशीट ममता सरकार में हुए भ्रष्टाचार और अपराधों की सूची है।

### शाह कल जारी करेंगे चार्जशीट



### भाजपा ने हिंदी पर दिया जोर

टीएमसी ने 'बंगाली-गैर-बंगाली' का नारा इस्तेमाल किया है। लेकिन, भाजपा सूची हिंदी में प्रकाशित की। बंगाल में एसआईआर कराने का मुद्दा छाया रहेगा।

### भ्रष्टाचार, बेरोजगारी पर हमला

भाजपा समेत अन्य विपक्षी दल ममता सरकार पर दो प्रमुख मुद्दों को लेकर हमलावर है। पहला भ्रष्टाचार और दूसरा बेरोजगारी। भाजपा चुनाव अभियान में 'घुसपैठियों' के मुद्दे को प्रमुखता से रखेगी।

### बंगाल में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन



## भवानीपुर में सुवेंदु ने 'राम राज्य' का नारा दिया

कोलकाता के सबसे चर्चित विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर की सड़कों पर सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में रामनवमी का जुलूस निकाला। इस दौरान अधिकारी ने 'राम राज्य' का नारा दिया। उन्होंने कहा कि सुशासन और रोजगार ही 'राम राज्य' है। बंगाल में राम राज्य आने वाला है। भवानीपुर सिर्फ एक सीट नहीं, बल्कि ममता का इलाका है। यहां सुवेंदु का जुलूस निकालना और हाजरा क्रॉसिंग पर इसका समापन होना, बड़ा सियासी संदेश दे रहा है। भाजपा इस बार 'दीदी' को उन्हीं के घर में घेरने की तैयारी में हैं।

### रेलवे का अनुशासन मामला

### स्वप्ना बर्मन की राजगंज से उम्मीदवारी पर संकट!

एशियन गेम में स्वर्ण पदक विजेता स्वप्ना बर्मन कानूनी उलझनों में घिर गई है। राजगंज से टीएमसी की उम्मीदवार स्वप्ना पर रेलवे ने अनुशासनात्मक जांच शुरू कर दी है। रेलवे ने सेवा में रहते हुए राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण कार्रवाई शुरू की है। इससे पहले कोलकाता हाईकोर्ट की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच ने स्वप्ना को निर्देश दिया था कि वे रेलवे को अपनी गलती स्वीकार करते हुए पत्र सौंपें। उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।



### सुरक्षित लैंडिंग

### तेज आंधी-बारिश में फंसा ममता का हेलिकॉप्टर


कोलकाता में गुरुवार को तेज आंधी और बारिश के कारण सीएम ममता बेनर्जी का हेलिकॉप्टर लंबे समय तक हवा में फंसा रहा और करीब डेढ़ घंटे बाद सुरक्षित लैंडिंग कर सका। हेलिकॉप्टर ने कई बार उतरने की कोशिश की, लेकिन वापस मुड़ना पड़ा। ममता अंडाल से कोलकाता लौट रही थीं। उनका निजी विमान दोपहर 3 बजकर 39 मिनट पर रवाना हुआ था और करीब 4 बजे उतरना तय था।



## खबर संक्षेप

### आईआईटी जैम की टॉपर लिस्ट जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे ने 26 मार्च को जॉइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स के सभी विषयों के स्कोरकार्ड और टॉपर्स की सूची जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट और मेरिट लिस्ट देख सकते हैं। केमिस्ट्री में आयुषी अग्रवाल ने पहला स्थान हासिल किया है।



### पानीपत की फैक्ट्री में 2 चचेरे भाइयों की मौत

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में गुरुवार को एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। यहां टैंक की सफाई करने उतरे 2 युवकों की जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। दोनों बिना सेफ्टी किट के टैंक में उतरे थे। कुछ देर में ही उन पर बेहोशी छाने लगी। अन्य साथियों ने तुरंत दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वे बेहोश हो चुके थे।



### दो ट्रकों में भिड़ंत के बाद आग, 3 जिंदा जले

**बांदा।** महोबा-बांदा नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत में 3लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना कस्बा थाना से 3 किमी दूर मुंडेरी मोड़ के पास हुई। कबरई से बांदा जा रहे गिट्टी भरे ट्रक के चालक सुरेश पांडे और महोबा जा रहे खाली ट्रक के चालक सूरज नाथ की मौत हो गई।



### गेट कॉप के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली।** 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए शानदार खबर है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज यानी 26 मार्च से शुरू हो गई है। ऐसे में जिन इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को इसके लिए आवेदन करना है, वे सभी आधिकारिक वेबसाइट coap2026.iitr.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।




## सेना, नौसेना और वायुसेना के जांबाजों के लिए केंद्र का अहम फैसला

# भारत सरकार ने दी वीरता पदक विजेताओं को रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने सेना, नौसेना और वायुसेना में वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस आदेश के अनुसार इन वीरता पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा प्रथम श्रेणी, सेकंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ उपलब्ध होगी। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह रियायत देश के बहादुर जवानों के सम्मान में दी गई है। यह योजना उन सभी सैनिकों पर लागू होगी जिन्हें सेना, नौसेना या वायुसेना पदक से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार विजेताओं के जीवनसाथी भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इसमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, जब तक वे पुनर्विवाह नहीं करते। इसके अतिरिक्त, अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता को भी यह सुविधा प्रदान की जाएग

भारत सरकार ने सेना, नौसेना और वायुसेना में वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस आदेश के अनुसार इन वीरता पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा प्रथम श्रेणी, सेकंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ उपलब्ध होगी।

### *प्रथम श्रेणी, सेकंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ मिलेगी सुविधा*

**रक्षा अधिकारियों ने दी यह जानकारी**

परिजनों को भी मिली इसमें सहूलियत



### परिवारों को यात्रा में आर्थिक सहायता दी

यह कदम देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले और वीरता दिखाने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। इससे इन परिवारों को यात्रा में आर्थिक सहायता मिलेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। भारतीय रेलवे इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेगा। यह सुविधा पूरे भारतीय रेलवे नेटवर्क पर मान्य होगी।

### मनोबल बढ़ाएगा फैसला

### कांप्लीमेंट्री लाइफटाइम रेल पास/कार्ड जारी होगा

जानकारों का मानना है कि यह कदम सशस्त्र बलों के जवानों का मनोबल बढ़ाने वाला है। यह केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि देश की ओर से उन वीरों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की परवाह नहीं की। रेलवे प्रशासन जल्द ही पात्र कांप्लीमेंट्री कॉम्प्लीमेंट्री लाइफटाइम रेल पास/कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

### जीवनसाथी, विधवाएं और विधुर और पुनर्विवाह तक अब इसमें पात्र होंगे

इस योजना के तहत सेना, नौसेना और वायुसेना पदक से सम्मानित सभी व्यक्ति पात्र होंगे। पुरस्कार विजेता के जीवनसाथी, जिनमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, पुनर्विवाह तक पात्र रहेंगे। अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि देश के लिए सेवा करने वाले हर पात्र व्यक्ति को यह सम्मान मिले। रक्षा मंत्रालय जल्द ही विस्तृत दिशानिर्देश जारी करेगा। इससे हौसला बढ़ेगा।

## पहले 6 'चक्र' पुरस्कारों तक सीमित थी यह सुविधा



अब तक आजीवन मुफ्त रेल यात्रा की सुविधा केवल परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं को मिलती थी। नए आदेश के बाद सेना, नौ सेना और वायु सेना के वीरता पदक भी इसी श्रेणी में शामिल कर लिए गए हैं। सेना के जांबाज जवानों को भारतीय रेल में मुफ्त यात्रा की सुविधा पहले भी मिलती थी। पहले आजीवन बिना किसी शुल्क का भुगतान किए रेल यात्रा की सुविधा केवल 6 वीरता पुरस्कारों से सम्मानित जवानों और उनके परिजनों को ही मिलती थी। जिंदगी भर मुफ्त रेल यात्रा की श्रेणी में पहले परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, शौर्य चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र के विजेता ही आते थे। भारत सरकार की ओर से जारी किए इस नए आदेश के बाद अब थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के वीरता पदक से सम्मानित जांबाज भी इस सुविधा के दायरे में आ सकेंगे। जवानों के साथ ही उनके परिजनों को भी मुफ्त रेल यात्रा के दायरे में लाए जाने को सेना का मनोबल बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा है।

## वंदे भारत में घटिया खाने का दावा

# वीडियो वायरल, दही में रेंगते मिले कीड़े, प्रोवाइडर पर केस



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेज रफ्तार और प्रीमियम सुविधाओं के चलते अक्सर वंदे भारत सुर्खियों में रहती है, लेकिन इस बार वंदे भारत ट्रेन की सुर्खियों में रहने की वजह कुछ और है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में वंदे भारत के खाने की घटिया क्वालिटी ने यात्रियों को हैरान कर दिया है। वीडियो में वंदे भारत ट्रेन में भरोसे गए खाने की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि वंदे भारत ट्रेन में यात्री को दिए गए दही में कीड़े निकल आए। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आते ही इंटरनेट पर हड़कंप मच गया। यह मामला सिर्फ शिकायत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों के गुस्से और तीखे रिएक्शन का बड़ा मुद्दा भी बन गया।

### मामला पटना

### टाटानगर का, विभाग पर 10 लाख जुर्माना

यह मामला पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस का बताया जा रहा है, जहां एक यात्री ने खाने में परोसे गए दही में कीड़े होने का दावा किया। वीडियो में भी साफ देखा जा सकता है कि दही के बाउल में छोटे-छोटे कीड़े नजर आ रहे हैं। वायरल हो रहे क्लिप में यात्री रेलवे स्टाफ को बुलाकर दही के बाउल में कीड़े होने की शिकायत की। रेलवे अधिकारी ने भी दही को करीब से देखा। इस दौरान यात्री भी इस घटना को लेकर नाराज दिखाई दिए। लोगों के नाराजगी बढ़ने के बाद रेल मंत्रालय ने एक्स पर बयान जारी कर इस मामले को गंभीरता से लिया। रेल मंत्रालय ने आईआरसीटीसी पर 10 लाख का जुर्माना लगाया है। सर्विस प्रोवाइडर पर 50 लाख का जुर्माना लगाया।

### मीडिया पर भड़का यात्रियों का गुस्सा

वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स ने रेलवे की व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। इस वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया पर एक यूजर कमेंट करता है दही में कीड़े मिले और अटेंडेंट कह रहा है, यह केसर है वाह। वहीं दूसरा यूजर कमेंट करता है अब तो व्हाइट केसर की नई खोज हो गई है। एक और यूजर कमेंट करता है राजधानी एक्सप्रेस का खाना इससे बेहतर है। एक और यूजर कमेंट करता है रेलवे का खाना खाने से अच्छा है, भूखे रहना। एक यूजर ने सवाल उठाते हुए लिखा एक्सपायर दही पर नया स्टिकर लगाकर बेच देते हैं। एक अन्य ने मजाक के अंदाज में लिखा, एक तो कभी जिंदगी में ट्रेन के अंदर ब्रांडेड फूड नहीं देखा, जब देखना शुरू ही हुआ था तो उसमें भी कीड़े निकल आए।

## केरल में मोदी और ईसीआई का अपमान

# 'मानहानि' वाली वीडियो को लेकर एक्स के खिलाफ केस

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल पुलिस की साइबर शाखा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और उसके एक हैंडल के खिलाफ एआई से निर्मित एक वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। वीडियो में कथित तौर पर पीएम नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग को भ्रामक और मानहानिकारक तरीके से चित्रित किया गया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि कथित मानहानिकारक सामग्री को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) सहित आधिकारिक चैनलों के माध्यम से उसके संज्ञान में लाया गया था।



### जनता को गुमराह किया गयाः पुलिस

केरल पुलिस ने कहा कि जांच में पाया गया कि एआई से बनेवीडियो में जनता को गुमराह करने, निकायों की विश्वसनीयता को कमजोर करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की क्षमता है।

## 2024-25 में प्रमुख राजनीतिक दलों की चंदे से कमाई सामने आई

# 4 राष्ट्रीय दलों के चंदे से भाजपा को मिला 10 गुना से ज्यादा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 में प्रमुख राजनीतिक दलों की चंदे से कमाई के आंकड़े सामने आए हैं। भाजपा फिर देश में सबसे ज्यादा चंदा पाने वाली पार्टी बनी है। दूसरा नंबर कांग्रेस का है। एडीआर के अनुसार भारत के पहले नंबर के राजनीतिक दल और दूसरे नंबर के राजनीतिक दल के तरफ से जुटाए गए चंदे के बीच का दायरा करीब 12 गुना से ज्यादा है। यह आंकड़ा इसलिए भी आश्चर्य में डालने वाला है, क्योंकि भाजपा के पास कांग्रेस के मुकाबले सिर्फ दोगुने दानकर्ता हैं।

### एडीआर की रिपोर्ट

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स




**बहुजन समाज पार्टी :** जिन दलों को चंदा मिला है, उनमें एक चौंकाने वाला आंकड़ा बहुजन समाज पार्टी का है। पार्टी ने पिछले 19 साल की तरह इस बार भी यही दर्शाया है कि पार्टी को 20,000 से अधिक का कोई चंदा प्राप्त नहीं हुआ है।

### पार्टियों को इतना मिला चंदा

*सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को कुल मिलाकर 11,343 दानकर्ताओं की तरफ से 6648.563 करोड़ रुपए का चंदा मिला।*

**भारतीय जनता पार्टी :** राजनीतिक दलों को जितना चंदा मिला, उसकी कुल राशि में 91 फीसदी से ज्यादा भाजपा को ही मिला। भाजपा ने 6074.015 करोड़ रुपए का दान दिखाया है।

**कांग्रेसः** कांग्रेस ने दान 517.394 करोड़ दिखाया है, जो कि 2501 दानकर्ताओं से मिला है। यह राशि भाजपा के मुकाबले करीब 1000 प्रतिशत कम है।

**आम आदमी पार्टी :** आप ने 2024-25 के लिए अपनी दान की राशि 38.106 करोड़ रुपए दर्शाया है, जो कि उसे 2554 दानकर्ताओं की तरफ से मिली।

**मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी :** माकपा को 2024-25 में 16.957 करोड़ रुपए का दान मिला, जो कि 741 दानदाताओं से जुटाया गया।

**नेशनल पीपुल्स पार्टी :** पूर्वोत्तर की इस प्रमुख पार्टी ने अपना दान 2.091 करोड़ रुपए दिखाया है, जो कि उसे 25 दानकर्ताओं से मिला।

# किआ की नई सस्ती इलेक्ट्रिक कार लांच, 435 किमी रेंज, कीमत 29 लाख से शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

किआ ने अपनी नई इलेक्ट्रिक कार ईवी2 को यूरोप में लांच कर दिया है, जो कंपनी की अब तक की सबसे सस्ती ईवी मानी जा रही है। इस कार को सबसे पहले जनवरी 2026 में पेश किया गया था और अब इसकी कीमत और वैरिएंट की जानकारी भी सामने आ गई है।

- ईवी2 का उत्पादन स्लोवारिया में किया जा रहा

जर्मनी समेत कई यूरोपीय देशों में इसकी बुकिंग शुरू हो चुकी है। ईवी2 का प्रोडक्शन स्लोवाकिया में किया जा रहा है और इसका मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को इलेक्ट्रिक कार की तरफ अट्रैक्ट करना है। इसकी शुरुआती कीमत यूरो 26,600 यानी करीब 29 लाख रुपए रखी गई है। इसके साथ ही कंपनी इसे लीज पर भी दे रही है, जिससे लोग कम खर्च में इस कार को इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कंपनी ने नई इलेक्ट्रिक कार ईवी2 यूरोप में की लांच

### अर्थ और जीटी-लाइन वैरिएंट की खासियत

ईवी2 का 'अर्थ' वैरिएंट 4 और 5 सीट दोनों विकल्प में उपलब्ध है। इसमें 42.2 केडब्ल्यूएच बैटरी और 146 एचपी मोटर मिलती है। इसकी रेंज करीब 308 किमी है। यह वैरिएंट उन लोगों के लिए सही है जो बैलेंस्ड परफॉर्मेंस और कीमत चाहते हैं। वहीं जीटी-लाइन वैरिएंट सबसे प्रीमियम है। इसमें 61 केडब्ल्यूएच बैटरी और 135 एचपी मोटर दी गई है। इसकी रेंज लगभग 413 किमी है। यह वैरिएंट 4 और 5 सीट दोनों ऑप्शन में आता है और इसमें ज्यादा लग्जरी फीचर्स और स्पोर्टी डिजाइन मिलता है।



### फीचर्स और मुकाबला

किआ ईवी2 में लग्जरी इंटीरियर, बड़ा केबिन और आरामदायक सीट्स मिलती हैं। इसके अलावा इसमें एडवांस टेक्नोलॉजी और स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं। यूरोप में इसका मुकाबला रेनाल्ट, सिट्रॉन और वॉक्सवैगन की इलेक्ट्रिक कारों से होगा। किआ ईवी2 अपनी कीमत, रेंज और फीचर्स के कारण इस सेगमेंट में मजबूत दावेदारी पेश कर सकती है।

### वैरिएंट और रेंज

किआ ईवी2 को चार अलग-अलग वैरिएंट में लांच किया गया है, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत के हिसाब से विकल्प चुन सकते हैं। इसका बेस वैरिएंट 'लाईट' है, जो 4-सीट कॉन्फिगरेशन में आता है। इसमें 42.2 केडब्ल्यूएच की बैटरी और 146 एचपी की मोटर दी गई है। ये वैरिएंट करीब 317 किमी की रेंज देता है, जो शहर के उपयोग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके बाद 'एयर' वैरिएंट आता है, जो 5-सीटर है। इसमें दो बैटरी ऑप्शन मिलते हैं। एक स्टैंडर्ड बैटरी के साथ और दूसरा बड़ा 61 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ। बड़ा बैटरी पैक 453 किमी तक की शानदार रेंज देता है, जो लंबी दूरी के लिए बेहतर है। इसकी कीमत भी ज्यादा रखी गई है।

## खबर संक्षेप

### सेबी का आज भुवनेश्वर में निवेशक शिविर



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी और निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) 27 मार्च को भुवनेश्वर में छठे 'निवेशक शिविर' का आयोजन करेंगे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य निवेशकों को उनके रुके हुए लाभांश और बिना दावे वाले शेयरों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने में मदद करना है।

### भारत पीईटी 760 करोड़ रुपये का आईपीओ लाएगी

**नई दिल्ली।** सामान पैक करने के डिब्बे और बोतलें बनाने वाली कंपनी भारत पीईटी लिमिटेड ने शेयर बाजार में अपना पहला आईपीओ लाकर 760 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज जमा किए हैं। मसौदा दस्तावेजों' के अनुसार, इस सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के तहत कंपनी 120 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी।

### जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ के लिए करेगी दस्तावेज जमा

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की प्रौद्योगिकी इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स अपने बहुप्रीतिक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए अगले कुछ दिन में सेबी के पास विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) दाखिल कर सकती है। यह संभवतः देश का अब तक का सबसे बड़ा आरंभिक सार्वजनिक निर्गम होगा।

### बंद रहा शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार

**नई दिल्ली।** राम नवमी के कारण बृहस्पतिवार को शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, जिंस और सर्राफा बाजार बंद रहे। रोज की तरह शुक्रवार को बाजार कारोबार के लिए खुलेंगे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी को 46.5 करोड़ डॉलर में खरीदने की तैयारी

# अमेरिका की दो कंपनियों को 56 करोड़ में खरीद रही इंफोसिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईटी कंपनी इंफोसिस अमेरिका की दो कंपनियों- ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी और स्ट्रेटस ग्लोबल एलएलसी को खरीद रही है। ये सौदे 56 करोड़ डॉलर तक के हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी को 46.5 करोड़ डॉलर तक में और स्ट्रेटस को 9.5 करोड़ डॉलर तक में खरीदेगी। इन सौदों के वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में पूरे होने की उम्मीद है। लेकिन ऐसा होना रेगुलेटरी मंजूरी पर निर्भर करेगा। ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी, फ्लोरिडा स्थित एक हेल्थकेयर कंसल्टिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन कंपनी है। इसमें 1600 से ज्यादा कर्मचारी हैं और यह इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड और एंटरप्राइज सिस्टम जैसे क्षेत्रों में काम करती है।

- स्ट्रेटस ग्लोबल एलएलसी को 9.5 करोड़ डालर में खरीदेगी

*हेल्थ व वित्तीय सेवा रेवेन्यू के बड़े स्रोत : हेल्थकेयर और वित्तीय सेवा भारतीय आईटी कंपनियों के लिए रेवेन्यू के सबसे बड़े स्रोतों में शामिल हैं। लेकिन इन दोनों सेक्टर्स के क्लाइंट विवेकाधीन खर्च के मामले में सबसे ज्यादा सतर्क भी रहते हैं। इस वजह से वेंडर्स को डोमेन-बेस्ड कंसल्टिंग और प्लेटफॉर्म विशेषज्ञता पर फोकस करना पड़ा है।*

Optimum HEALTHCARE IT®

STATUS GLOBAL INSURANCE

### चढ़ सकता है इंफोसिस का शेयर

इस डेवलपमेंट के बाद 27 मार्च को इंफोसिस के शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है। बुधवार, 25 मार्च को शेयर की कीमत बीएसई पर 1279.35 रुपए पर बंद हुई। 26 मार्च को रामनवमी के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहा। कंपनी का मार्केट कैप 5.18 लाख करोड़ रुपए है। शेयर 3 महीनों में 23 प्रतिशत नीचे आया है। फरवरी में एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर के लिए 'बाय' रेटिंग के साथ 1750 रुपए, प्रभुदास लीलाधर ने 'बाय' रेटिंग के साथ 1900 रुपए और मोतीलाल ओसवाल ने 'बाय' रेटिंग के साथ 1850 रुपये प्रति शेयर का टारगेट प्राइस दिया था।

### सर्विस प्रोवाइडर सेगमेंट में मौजूदगी बढ़ेगी

इंफोसिस ने कहा कि इस खरीद से सर्विस प्रोवाइडर सेगमेंट में उसकी मौजूदगी बढ़ेगी और नए क्लाइंट्स से रिश्ते जुड़ेंगे। ऑप्टिमम का रेवेन्यू तेजी से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2024 में यह 10.66 करोड़ डॉलर था। वित्त वर्ष 2025 में यह 27.59 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया।

### स्ट्रेटस क्या करती है

स्ट्रेटस न्यू जर्सी स्थित एक टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग कंपनी है, जो प्रॉपर्टी और कैजुअल्टी बीमा कंपनियों पर फोकस करती है। कंपनी में 450 से ज्यादा लोग हैं।

# चालकों को प्रशिक्षण देने खुलेंगे स्कूल : गडकरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- पांच साल में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद
- देश में 22 लाख चालकों की कमी, सरकार ने 200 ड्राइविंग स्कूल खोले

सरकार उद्योग जगत के सहयोग से अगले पांच साल में 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए स्कूल खोलेगी। इस पहल से देश में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी में आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता आमिर खान से बातचीत के दौरान कहा कि देश में 22 लाख चालकों की कमी है और सरकार ने 200 ड्राइविंग स्कूल खोले हैं। मंत्री ने कहा, /"हमने उद्योग जगत की मदद से 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इस पहल के माध्यम से हम एक करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान करेंगे।/" सड़क सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से यह सच है कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या के मामले में भारत विश्व में शीर्ष पर है। देश में आज प्रति वर्ष पांच लाख से अधिक दुर्घटनाएं और उससे संबंधित 1.8 लाख लोगों की मौत होती है। गडकरी ने कहा कि लगभग 66 प्रतिशत लोग 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के हैं। इन दुर्घटनाओं के कारण भारत को जीडीपी का तीन प्रतिशत का नुकसान होता है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के पांच मुख्य कारणों का जिक्र किया। गडकरी ने कहा, ''पहला कारण सड़क डिजाइन और इंजीनियरिंग हैं।

## अमेज़न इंडिया ने सामुदायिक कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणामों को साझा किया

**पलवल ।** अमेज़न इंडिया ने आज हरियाणा के गुरुग्राम और नूंह जिलों में महिलाओं पर केंद्रित अपने सामुदायिक कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणामों को साझा किया। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में महिला उद्यमियों, सरकारी अधिकारियों, बैंकिंग पार्टनर्स और सामुदायिक लीडर्स ने हिस्सा लिया। सभी ने अपने अनुभव साझा किए और स्थानीय स्तर पर रोज़गार व आजीविका को और मज़बूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। अंतर्राष्ट्रीय महिला माह 2026 के हिस्से के रूप में, कंपनी ने गुरुग्राम में डेयर टू ड्रीम कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें दिखाया गया कि कैसे महिला उद्यमी वित्तीय साक्षरता, सही मार्गदर्शन और सामुदायिक नेटवर्क की मदद से अपने बिज़नेस को बढ़ा रही हैं, अपनी आमदनी सुधार रही हैं और अपने समाज में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। अमेज़न इंडिया के सहयोग से और एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज, शी एंड वी– वुमेन एंटरप्रेन्योरशिप फाउंडेशन और रीड इंडिया के साथ मिलकर चलाए जा रहे ये कार्यक्रम अमेज़न के ऑपरेशंस वाले क्षेत्रों के आसपास सक्रिय हैं। इनका मुख्य उद्देश्य लोगों की क्षमताओं को बढ़ाना, नए अवसरों तक उनकी पहुँच आसान बनाना और समुदाय के नेतृत्व वाले विकास को मज़बूत करना है।

## डीपी वर्ल्ड ने जेन गोल्फ में नया क्लबहाउस खोला

**गुरुग्राम।** डीपी वर्ल्ड ने आज गुरुग्राम स्थित जेन गोल्फ रेंज एंड एकेडमी में परमानेंट क्लबहाउस खोलने का एलान किया। हीरो इंडियन ओपन (26 से 29 मार्च) के ठीक पहले उठाए गए इस कदम के साथ कंपनी ने जमीनी स्तर पर गोल्फ को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। यह क्लबहाउस डीपी वर्ल्ड के ग्लोबल क्लबहाउस डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत दूसरा क्लबहाउस है। इससे पहले 2025 में दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में पहला क्लबहाउस खोला गया था। लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में डीपी वर्ल्ड की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए प्रत्येक क्लबहाउस को एक रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर से तैयार किया गया है। इसे स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

# संकट जारी रहा तो उर्वरक उत्पादन 15 फीसदी घटेगा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- क्रिसिल रेटिंग्स ने रिपोर्ट में जताया अनुमान

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों की वजह से भारत में यूरिया और मिश्रित उर्वरकों का सालाना घरेलू उत्पादन 10-15 प्रतिशत तक घटने की आशंका है। क्रिसिल रेटिंग्स की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक, आनंद कुलकर्णी ने कहा, ''पश्चिम एशिया में चल रही समस्याओं से खरीफ मौसम के अहम समय पर उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट आ सकती है। एलएनजी और अमोनिया की आपूर्ति में करीब तीन महीने तक जारी रहने वाली रुकावट से घरेलू यूरिया और मिश्रित उर्वरक उत्पादन में 10-15 प्रतिशत की कमी आ सकती है।''हालांकि, उन्होंने कहा कि उत्पादन पर पड़ने वाले इस असर को कुछ हद तक सरकार के हालिया निर्देश से कम किया जा सकेगा, जिसके तहत यूरिया बनाने वाली कंपनियों को 70 प्रतिशत गैस आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि करीब तीन महीने का उर्वरक स्टॉक, और साथ ही दूसरे स्रोतों से होने वाले संभावित आयात से, आपूर्ति में तत्काल कमी आने का जोखिम कम हो जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्या 46265095 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम: | Set of Harting Jumper & Socket Intervehicle Coupler Spares for Medha 3 Phase AC EMU Rakes as per Part No attached in Annexure-A (11 Items). |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 23714937/- |
| 3. | मात्रा | 01 सेट |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय: | 12-05-2026 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 12-05-2026 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी: (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

एनआईटी सं. 46265095 दिनांक :– 26.03.2026 1032/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल


**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।


**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।


**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।


**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।


**सिंह** — रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा–क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।


**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद–विवाद से बचें।


**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।


**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।


**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।


**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।


**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## न्यूट्रिका ने पीनट बटर रेंज लॉन्च कर अपने वेलनेस पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** बीएन एग्रीटेक के लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांड न्यूट्रिका ने पीनट बटर कैटेगरी में कदम रखते हुए न्यूट्रिका पीनट बटर लॉन्च किया है। यह भारत में तेजी से बढ़ते वेलनेस-फर्स्ट एफएमसीजी ब्रांड्स में से एक है।

यह रेंज ब्रांड के वेलनेस पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाने की दिशा में अगला कदम है, जिसमें स्वाद, क्वालिटी और उपयोगिता का संतुलन रखते हुए रोजमर्रा की सेहत को ध्यान में रखा गया है। न्यूट्रिका पीनट बटर अब दिल्ली, मुंबई, पुणे और चंडीगढ़ समेत 14 शहरों में जनरल ट्रेड स्टोर्स पर उपलब्ध है। यह नई पीनट बटर रेंज दो वैरिएंट्स- क्रंची और क्रीमी में उपलब्ध है। यह रोजमर्रा की फिटनेस के लिए एक हेल्दी स्नैकिंग विकल्प देती है, जिससे पोषण आसान और स्वादिष्ट बनता है। फिटनेस सिर्फ जिम या किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक रोज की आदत है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक पूरा परिवार अपना सकता है। आम स्प्रेड की जगह पीनट बटर अपनाना एक छोटा और आसान बदलाव है, जो घर के सभी लोगों को एक बेहतर विकल्प देता है और लाइफस्टाइल को बेहतर बनाता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव कुमार, पुत्रः महेश कांत, पताः जे–205, गली नं. 4, प्रेम नगर–2, दिल्ली, 2) जे–206, प्रेम नगर–2, दिल्ली** ने **FIR No. 286/2021, U/s 379/356/411 IPC, पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गौरव कुमार** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गौरव कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 286/2021, U/s 379/356/411 IPC, पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **गौरव कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री शगुन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, उत्तर पश्चिम
कमरा नं. 109, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3877/RD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**(धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. जफर पुत्र ज़मीन अब्बास निवासी मकान नंबर ए–14/22, चौहान बांगर, सीलमपुर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 482/19, अन्तर्गत धारा 392/394/397/34 आईपीसी अधिनियम, थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. जफर** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. जफर** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 482/19, अन्तर्गत धारा 392/394/397/34 आईपीसी अधिनियम, थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. जफर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री बलविन्दर सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
न्यायालय कमरा नं. 31
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/2611/NE/2026
(Court Matter)

## शब्द पहेली - 6177




**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव–5
4.गुंडा, बदमाश–3
6.समान–2
7.वारंट, निर्गमपत्र–3
8.पत्र, पाती–2
10.आश्रय–3
11.भेंट, पुरस्कार–4
14.अनुमान, अंदाज–3
16.जो लायक न हो–4
17.एक खलनायक–2
18.जीव, जीवन–2
19.जांचना–परखना–4
21.ख्वाब, स्वप्न–3
22.बलशाली–4
24.रेखा, पंक्ति–3
25.प्यार (अंग्रेजी में–2)
27.भाग्य, किस्मत–3
28.पैंतरा, पारी–2
29.डांट–डपट, घुड़की–3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा–5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम–5
2.सीता के पति–2
3.रोना, विलाप करना–4
4.सोच–विचार–3
5.जूं का अंडा–2
7.चाहने का भाव–2
9.भारत–पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक–3
12.दशानन–3
13.मधुशाला–4
15.गुजर–बसर–3
16.नामांकित–4
17.मसविदा, रुप–रेखा–3
18.गंवार–3
20.मन को भाने वाला–5
21.आसान, सीधा–3
22.बारिश–4
23.पागल–3
24.होठ, अधर–2
26.हत्या–2
28.अन्न का एक कण–2

**शब्द पहेली- 6176 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| य | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |



# जूनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सोनीपत व साई भिवानी का दबदबा

## रोहतक 'बी' व हिसार रहे उपविजेता, रोमांचक मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सुनारियां गांव में हरियाणा बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में आयोजित 5वीं जूनियर बालक-बालिका स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का वीरवार को भव्य समापन हो गया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। समापन अवसर पर इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनेश लाकड़ा, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा नेता सतीश नांदल और सुमित मलिक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जूनियर ब्वायज वर्ग में 44-46 किलोग्राम में उदय सिंह ने स्वर्ण, चिराग ने रजत तथा राज व अंश ने कांस्य पदक हासिल किया। 46-48 में दक्ष स्वर्ण, शिवम रजत, सचिन व दीपांशु कांस्य विजेता रहे। 48-50 में यश यादव स्वर्ण, गौरव रजत, नैतिक व गुरप्रीत कांस्य पर रहे। इसी प्रकार अन्य भार वर्गों में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। जूनियर गर्ल्स वर्ग में भी मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। 44-46 किलोग्राम में राखी ने स्वर्ण, भूमि ने रजत और निश्चल व अन्नु ने कांस्य पदक जीते। 46-48 में सोनिका स्वर्ण, काफ़ी रजत तथा दिव्या व हिमानी रानी कांस्य विजेता रहीं। अन्य भार वर्गों में भी बेटियों ने शानदार खेल दिखाते हुए कई पदक अपने नाम किए और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।




रोहतक। बाक्सिंग प्रतियोगिता में दमखम दिखाते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा की धरती खेल प्रतिभाओं से भरी हुई



हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि हरियाणा की धरती खेल प्रतिभाओं से भरी हुई है और बॉक्सिंग में प्रदेश लगातार देश-विदेश में नाम कमा रहा है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को मंच प्रदान करती हैं, जिससे वे अपने हुनर को निखारते हैं। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य ग्रामीण स्तर तक खेलों को बढ़ावा देना है, ताकि अधिक से अधिक युवा खेलों से जुड़ सकें और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें।

### हार-जीत खेल का हिस्साः अर्जुन चौटाला



विधायक अर्जुन चौटाला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन निरंतर मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह चैंपियनशिप प्रदेश में खेलों के बढ़ते स्तर और युवाओं के जोश का प्रतीक बनकर सामने आई।

## खबर संक्षेप



### विश्व कप फुटबॉल के अतिरिक्त टिकटों की बिक्री एक अप्रैल से

**लंदन।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने घोषणा की कि विश्व कप टिकटों के अंतिम दौर की बिक्री एक अप्रैल से शुरू होगी।फीफा ने कहा कि दिसंबर और फरवरी के बीच पिछली बिक्री के अंत तक दस लाख से अधिक टिकट बिक चुके थे और अतिरिक्त टिकट एक अप्रैल से टूर्नामेंट के अंत तक आम बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। फीफा को टिकटों की कीमत को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर में टिकटों की बिक्री आम जनता के लिए शुरू की गई थी और तब फुटबॉल प्रेमियों ने फीफा पर विश्वासघात का आरोप लगाया था क्योंकि ग्रुप चरण का सबसे कम कीमत वाला टिकट 140 डॉलर का था जबकि फाइनल के टिकटों की कीमत 8680 डॉलर तक थी।



### गोल्फ चैंपियनशिप में सुनीत ने दर्ज की जीत

**पटना।** सुनीत चौरसिया ने डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई की चौथी प्रतियोगिता अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी गोल्फ चैंपियनशिप में एक शॉट से जीत दर्ज की। कोलकाता के चौरसिया (71-65-73) ने तीसरे और अंतिम दौर में 73 का स्कोर बनाकर अपना पहला खिताब जीता। उनका कुल स्कोर सात-अंडर 209 रहा। वह दिग्गज गोल्फर एसएसपी चौरसिया के भतीजे हैं। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को इस जीत से 3,17,875 रुपये की पुरस्कार राशि मिली जिससे वह 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट में 41वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गए। बिपिन मुखिया (68-75-67) ने आखिरी दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 बनाया और चार स्थान ऊपर चढ़कर छह-अंडर 210 के स्कोर के साथ उपविजेता रहे।

### बेंगलुरु एफसी ने पेप मुनोज को मुख्य कोच नियुक्त किया




**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को 2026-27 के सत्र के अंत तक के लिए नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। मुनोज के साथ फेरान बोर्रास भी बेंगलुरु की टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। मुनोज़ ने इससे पहले एफसी बार्सिलोना के युवा सेटअप में बारका अंडर-19 और बार्सिलोना बी के साथ काम किया है। बेंगलुरु एफसी का मुख्य कोच बनने से पहले वह कंबोडिया में प्रेह खान रीच स्वे रींग के साथ यह भूमिका निभा रहे थे। कंबोडिया के क्लब के साथ उन्होंने दो साल का सफल कार्यकाल बिताया, जिसमें क्लब ने दो बार लीग और एक बार लीग कप जीता और इसके साथ ही एएफसी चैलेंज लीग के फाइनल में भी पहुंचा।

## आईपीएल-2026: पहला मैच बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच 28 को

# आईपीएल में आरसीबी ने खेले हैं 4 फाइनल मैच एक बार जीता खिताब, फिर चुनौती देने तैयार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गत विजेता के रूप में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। आरसीबी ने अब तक आईपीएल के इतिहास में सिर्फ एक खिताब जीता है। हालांकि, ये टीम 3 बार उपविजेता भी रही है। हालांकि आईपीएल में आरसीबी ने यादगार पारियां खेलीं हैं और उसके फैंस को उम्मीद है कि इस बार आरसीबी फिर विजेता का खिताब अपने नाम करेगी।

### 2009 में उपविजेता रही थी आरसीबी

आईपीएल 2009 दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था, जिसमें आरसीबी की टीम उपविजेता रही थी। जोहान्सबर्ग में हुए आईपीएल 2009 के फाइनल में पहले गेंदबाजी करते हुए आरसीबी ने डेक्कन चार्जर्स को सिर्फ 143/6 के स्कोर पर रोक दिया था। जवाब में आरसीबी ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 137/9 का स्कोर ही बना सकी थी। उस सीजन में आरसीबी के कप्तान अनिल कुंबले थे।



### आरसीबी ने जीता ऐतिहासिक खिताब

आईपीएल 2025 में आरसीबी ने लीग स्टेज के 14 में से 9 मैच जीते और 4 में शिकस्त (बेनतीजा- 1) झेली थी। अंक तालिका में आरसीबी की टीम पीबीकेएस के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। आरसीबी ने क्वालीफायर-1 में पीबीकेएस को 8 विकेट से हराते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया था। फाइनल में आरसीबी ने पीबीकेएस को 6 रन से हराया था। पाटीदार ने टीम की कप्तानी करते हुए नया इतिहास लिखा था।

### 2011 में सीएसके के खिलाफ हारी थी आरसीबी

आईपीएल 2011 में डेनियल विटोरी की कप्तानी में आरसीबी ने लीग स्टेज के 9 मैच जीते और 4 में हार झेली थी। अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए आरसीबी ने प्लेऑफ में जगह बनाई थी। फाइनल में माइकल हसी (63) और मुरली विजय (95) की उम्दा पारियों की बदौलत सीएसके ने 205/5 का स्कोर बनाया था। जवाब में आरसीबी केवल 147/8 का स्कोर ही बना सकी थी।

### आईपीएल 2026 मैच फेज-2 का शेड्यूल

| मैच | तारीख | दिन | समय | होम टीम | अवे टीम | वेन्यू |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | 25-अप्रैल-26 | शनिवार | 7:30 PM | सनराइजर्स हैदराबाद | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 37 | 26-अप्रैल-26 | रविवार | 3:30 PM | चेन्नई सुपर किंग्स | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 38 | 26-अप्रैल-26 | रविवार | 7:30 PM | कोलकाता नाइट राइडर्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 39 | 27-अप्रैल-26 | सोमवार | 7:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 40 | 28-अप्रैल-26 | मंगलवार | 7:30 PM | राजस्थान रॉयल्स | पंजाब किंग्स | न्यू चंडीगढ़ |
| 41 | 29-अप्रैल-26 | बुधवार | 7:30 PM | सनराइजर्स हैदराबाद | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 42 | 30-अप्रैल-26 | गुरुवार | 7:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 43 | 01-मई-26 | शुक्रवार | 7:30 PM | दिल्ली कैपिटल्स | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 44 | 02-मई-26 | शनिवार | 7:30 PM | मुंबई इंडियंस | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 45 | 03-मई-26 | रविवार | 3:30 PM | कोलकाता नाइट राइडर्स | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 46 | 03-मई-26 | रविवार | 7:30 PM | पंजाब किंग्स | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 47 | 04-मई-26 | सोमवार | 7:30 PM | लखनऊ सुपर जायंट्स | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 48 | 05-मई-26 | मंगलवार | 7:30 PM | चेन्नई सुपर किंग्स | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 49 | 06-मई-26 | बुधवार | 7:30 PM | पंजाब किंग्स | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 50 | 07-मई-26 | गुरुवार | 7:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 51 | 08-मई-26 | शुक्रवार | 7:30 PM | कोलकाता नाइट राइडर्स | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 52 | 09-मई-26 | शनिवार | 7:30 PM | गुजरात टाइटंस | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 53 | 10-मई-26 | रविवार | 3:30 PM | लखनऊ सुपर जायंट्स | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 54 | 10-मई-26 | रविवार | 7:30 PM | मुंबई इंडियंस | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रायपुर |
| 55 | 11-मई-26 | सोमवार | 7:30 PM | दिल्ली कैपिटल्स | पंजाब किंग्स | धर्मशाला |
| 56 | 12-मई-26 | मंगलवार | 7:30 PM | सनराइजर्स हैदराबाद | गुजरात टाइटंस | अहमदाबाद |
| 57 | 13-मई-26 | बुधवार | 7:30 PM | कोलकाता नाइट राइडर्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रायपुर |
| 58 | 14-मई-26 | गुरुवार | 7:30 PM | मुंबई इंडियंस | पंजाब किंग्स | धर्मशाला |
| 59 | 15-मई-26 | शुक्रवार | 7:30 PM | चेन्नई सुपर किंग्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 60 | 16-मई-26 | शनिवार | 7:30 PM | गुजरात टाइटंस | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |
| 61 | 17-मई-26 | रविवार | 3:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | पंजाब किंग्स | धर्मशाला |
| 62 | 17-मई-26 | रविवार | 7:30 PM | राजस्थान रॉयल्स | दिल्ली कैपिटल्स | दिल्ली |
| 63 | 18-मई-26 | सोमवार | 7:30 PM | सनराइजर्स हैदराबाद | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 64 | 19-मई-26 | मंगलवार | 7:30 PM | लखनऊ सुपर जायंट्स | राजस्थान रॉयल्स | जयपुर |
| 65 | 20-मई-26 | बुधवार | 7:30 PM | मुंबई इंडियंस | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |
| 66 | 21-मई-26 | गुरुवार | 7:30 PM | गुजरात टाइटंस | चेन्नई सुपर किंग्स | चेन्नई |
| 67 | 22-मई-26 | शुक्रवार | 7:30 PM | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | सनराइजर्स हैदराबाद | हैदराबाद |
| 68 | 23-मई-26 | शनिवार | 7:30 PM | पंजाब किंग्स | लखनऊ सुपर जायंट्स | लखनऊ |
| 69 | 24-मई-26 | रविवार | 3:30 PM | राजस्थान रॉयल्स | मुंबई इंडियंस | मुंबई |
| 70 | 24-मई-26 | रविवार | 7:30 PM | दिल्ली कैपिटल्स | कोलकाता नाइट राइडर्स | कोलकाता |

## टीम इंडिया इस साल 17 शहरों में खेलेगी 22 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले चार देशों की टीमें आएंगी खेलने

### एशिया कप में कंपाउंड तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखा तथा रजत चौहान और चिकिता तनिपार्थी की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित जोड़ी फाइनल में पहुंच गई, लेकिन रिकर्व तीरंदाजों को निराशा ही हाथ लगी। भारत के दो कांस्य पदक पहले ही पक्के हो चुके हैं, जबकि पांच खिलाड़ी फाइनल में हैं। इसके अलावा भारत दो और कांस्य पदकों के लिए दावेदार है, जिससे वह पिछले साल के आठ पदकों (पांच स्वर्ण, दो रजत, एक कांस्य) के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी होने के कारण क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश पाने वाले चौहान और तनिपार्थी ने लगातार दो जीत हासिल करके अपनी उत्कृष्टता साबित की।

#### चीन और कजाकिस्तान को हराया

भारत की मिश्रित टीम जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को 159-155 से हराया और फिर सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 157-153 से पराजित किया। दोनों मैचों में 32 तीरों के बीच संभावित 320 अंकों में से भारतीय जोड़ी ने केवल चार अंक गंवाए, जिससे उनके दबदबे का पता चलता है। इससे उन्होंने देश के लिए कुल मिलाकर छठा पदक पक्का कर दिया।

#### महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में रिधि फाइनल में

महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में हरियाणा की उभरती हुई तीरंदाज रिधि फोर फाइनल में पहुंच गई हैं और उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतना होगा। भारत ने बुधवार को दो कांस्य पदक जीतकर अपना खाता खोला था। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कंबोज की अनुभवी पुरुष कंपाउंड टीम तथा रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि की महिला रिकर्व टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था।

#### पुरुषों की सेल्फ स्पर्धा में दो पदक पक्के

पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में देश का स्वर्ण और रजत पदक सुनिश्चित है, क्योंकि प्रथमेश जवकर और उदय कंबोज के बीच फाइनल होगा, जबकि रजत चौहान कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स: छग की अनुष्का को दूसरा पदक, वेटलिफ्टिंग में इसाक ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के खास रहा। नीय तैराक अनुष्का भगत ने महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दूसरा स्थान हासिल कर अपना दूसरा रजत पदक जीतने में सफल हुई। इसके साथ ही कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अपना तीसरा लगातार स्वर्ण पदक जीतकर स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की। वहीं ओडिशा की अंजलि मुंडा ने महिलाओं की स्पर्धा में अपना दूसरा स्वर्ण पदक



15 वर्षीय अंजलि बनीं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता

हासिल किया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के इस पहले संस्करण में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें लगभग 3800 खिलाड़ी नौ खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर हैं, जबकि मल्लखंब और कबड्डी को प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया है।

### निखिल ने कांस्य पदक जीता

खेलो इंडिया ट्राइबल नेशनल स्विमिंग प्रतियोगिता के पहले ही दिन भोई स्विमिंग एकेडमी के तैराक निखिल ने शानदार शुरुआत की है। उन्होंने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में 1:11:77 मिनट का समय निकालते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

### कर्नाटक छह स्वर्ण और दो रजत के साथ शीर्ष पर

कर्नाटक के तैराक मणिकांता, जिन्होंने बुधवार को 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीते थे, ने अपना दबदबा जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले 2:25.93 सेकंड में जीत लिया। त्रिपुरा के रियाज त्रिपुरा (2:34.04 सेकंड) ने रजत और ओडिशा के कान्हू सोरेन (2:36.21 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अंजलि मुंडा ने 2:53.82 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की अनुष्का भगत (2:59.33 सेकंड) ने रजत और ओडिशा की अंजलि मलिक (3:06.13 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता।

### अतिका 'डब्ल्यूएसके' कार्टिंग में सर्वश्रेष्ठ महिला चालक बनीं

फ्रांसियाकोर्टा (इटली)। भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका मीर ने 'डब्ल्यूएसके सुपर मास्टर्स' कार्टिंग रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें चरण के फाइनल में 53 चालकों में से आठवां स्थान हासिल किया। इस परिणाम के साथ उन्होंने इस प्रमुख कार्टिंग श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ भारतीय चालक के साथ-साथ सबसे उच्च रैंक वाली महिला के रूप में अपना अभियान समाप्त किया। पांच चरणों की सीरीज में उन्होंने एक पोडियम (शीर्ष तीन में स्थान), दो सबसे तेज लैप और आठ बार शीर्ष छह में जगह बनाई। उन्होंने यहां अंतिम मुकाबले में 13वें स्थान से शुरूआत की और आठवां स्थान हासिल किया। यह उनकी दृढ़ता और तेज प्रदर्शन का स्पष्ट प्रमाण है। फ्रैंसियाकोर्टा चरण में उन्होंने पूरे सप्ताहांत में लगातार शीर्ष पांच में स्थान बनाकर अपनी प्रगति को दिखाया।

## चोट और अन्य कारणों से पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए खिलाड़ी

# इस आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे कई दिग्गज खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होनी है, जिसमें कुल 10 टीमें हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। आगामी सीजन के शुरू होने से पहले सभी टीमें खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजरें बनाए हुए हैं। इसी क्रम में कुछ खिलाड़ी चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर दूसरे खिलाड़ियों को शामिल किया जा चुका है। इस बीच 2026 सीजन से बाहर हुए प्रमुख खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।

### हर्षित राणा (केकेआर)

कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण बाहर हो चुके हैं और उनकी जगह पर टीम ने नवदीप सैनी को शामिल किया है। राणा पिछले कुछ समय से केकेआर के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में उनके बाहर होने से टीम को बड़ा झटका लगा है। बता दें कि राणा ने पिछले 2 सीजन में केकेआर से खेलते हुए कुल 34 विकेट लिए थे।




### सैम कर्रन (आरआर)

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के ऑलराउंडर सैम कर्रन भी आगामी सीजन में नहीं खेलते दिखेंगे। दरअसल, ग्रोइन इंजरी के चलते वह इस सीजन में नहीं खेल पाएंगे। आरआर ने उनकी जगह पर श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर दासुन शनाका को शामिल किया था। कर्रन अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी से मैच जिताने की काबिलियत रखते हैं। उनकी गैरमौजूदगी में शनाका के पास अच्छा मौका होगा। बता दें कि शनाका को नीलामी में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था।

### नाथन एलिस (सीएसके)

चेन्नई सुपरकिंग्स को आईपीएल के पूरे 2026 सीजन में अपने स्टार ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस के बिना ही खेलना होगा। इस तेज गेंदबाज को सीएसके ने आईपीएल 2025 की बड़ी नीलामी में 2 करोड़ रुपये में खरीदा था और इस साल की नीलामी से पहले रिटेन किया गया था। एलिस ने अपने आईपीएल करियर में अब तक 17 मैचों में 28.73 की औसत के साथ 19 विकेट लिए थे।

### आकाश दीप (केकेआर)

कोलकाता नाइट राइडर्स के आकाश दीप भी चोट के कारण आगामी सीजन से बाहर हो चुके हैं। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पिछले सीजन में एलएसजी से 3 विकेट लिए थे। अपने आईपीएल करियर में उन्होंने कुल 10 विकेट लिए हैं। उनकी जगह पर केकेआर की टीम ने सौरभ दुबे को शामिल किया है। सौरभ एक बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, जो घरेलू क्रिकेट में विदर्भ का प्रतिनिधित्व करते हैं।




इजराइल का बड़ा दावा

# होर्मुज बंद करने वाले ईरानी नौसेना प्रमुख की हमले में हुई मौत
# ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को 'बंद' करने की दी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी एक



हवाई हमले में मारे गए। इजराइली मीडिया ने एक अधिकारी के हवाले से यह दावा किया। हालांकि, इस हमले की न तो ईरान की तरफ से और न ही इजराइली सेना (आईडीएफ) की ओर से आधिकारिक पुष्टि की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तंगसीसी आईआरजीसी की नौसेना के प्रमुख थे और उन्हें होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है। बाब-अल-मंदेब अफ्रीकी देश जिबूती में मौजूद अमेरिकी मिलिट्री बेस इस स्ट्रेट से सिर्फ 30 किमी दूर है।

### रोजाना लगभग 45 लाख बैरल तेल यहां से गुजरता है

### सालाना करीब 94 लाख करोड़ रुपए का कारोबार यहां से

**ईरान की मदद कर सकते हैं हूती विद्रोही**



ईरान की ओर से यूएई में दागी गई मिसाइल

*अगर बाब-अल-मंदेब में भी रुकावट आती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष और बढ़ सकता है। यह यूरोप, एशिया और मिडिल ईस्ट को जोड़ने वाला अहम समुद्री रास्ता है। हर साल करीब 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 94 लाख करोड़ रुपए) का सामान इस रास्ते से गुजरता है। रोजाना लगभग 45 लाख बैरल तेल यहां से ट्रांसपोर्ट होता है। हालांकि, इसे बंद करना ईरान के लिए आसान नहीं है, क्योंकि यह स्ट्रेट ईरान से करीब 2500 किमी दूर है। हालांकि यह यमन के पास स्थित है, जहां ईरान समर्थित हूती विद्रोही मौजूद हैं। पहले भी गाजा युद्ध के दौरान हूती ने ड्रोन और मिसाइल से जहाजों को निशाना बनाया था, जिससे रेड सी का ट्रैफिक प्रभावित हुआ था।*

**ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत किए हमले**

*वहीं, आईआरजीसी और ईरानी सेना ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत बुधवार को कई जगह सैन्य कार्रवाई की। यह अभियान अमेरिका और इजराइल के हमलों के तुरंत बाद शुरू किया गया था। ईरानी सशस्त्र बलों ने अब तक 82 मिसाइल और ड्रोन से हमले किए हैं, जिनमें आधुनिक हथियारों इस्तेमाल हुआ। इन हमलों में इजराइल के सैन्य ठिकाने और पश्चिम एशिया में फैले अमेरिकी सैन्य अड्डे रहे हैं। इस संघर्ष में लेबनान का हिजबुल्ला और इराक का इस्लामी रेजिस्टेंट समूह भी शामिल हो गए हैं और उन्होंने अपने दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है।*

**यूएन ने जताई चिंता**

### संघर्ष का सबसे बुरा असर गरीबों और कमजोरों पर: गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का सबसे अधिक प्रभाव सबसे गरीब और सबसे



कमजोर आबादी पर पड़ रहा है। उन्होंने युद्ध को तत्काल खत्म करने और कूटनीति के लिए एक नए सिरे से प्रयास करने का आह्वान किया है। एक्स पर एक पोस्ट में गुटेरेस ने कहा कि संघर्ष के मानवीय परिणाम उन नागरिकों द्वारा भुगते जा रहे हैं जिनकी इस संघर्ष में कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में संघर्ष के झटके उन लोगों को सबसे अधिक लग रही हैं जिनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है: सबसे गरीब और सबसे कमजोर।

**युद्ध को जल्द खत्म करें**

गुटेरेस ने कहा कि होर्मुज मार्ग के बंद रहने से तेल, गैस और खाद की आपूर्ति रुक रही है, जिससे दुनिया भर में असर पड़ रहा है- खासकर खेती के समय। गुटेरेस ने अमेरिका और इजराइल से अपील की कि वे युद्ध को जल्द खत्म करें, क्योंकि इससे आम लोगों की हालत खराब हो रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने ईरान से भी कहा कि वह अपने पड़ोसी देशों पर हमले बंद करे।

### लेबनान से शुरू करेंगे बफर जोन बढ़ाने की योजना: इजराइल

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान की सीमा पर देश के बफर जोन को बढ़ाने की योजनाओं का ऐलान किया है। नेतन्याहू ने बफर जोन बढ़ाने के इन उपायों



के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये हर मायने में सीमाओं को तोड़ने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करते हैं। इजराइल सरकार इन कार्रवाइयों के माध्यम से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। बता दें, बफर जोन वह क्षेत्र होता है जो दो विरोधी देशों, सेनाओं या विवादित सीमाओं के बीच बनाया जाता है।

### इजराइली सेना दिखा रही ताकत, लेबनान में 2 की मौत, 8 घायल

दक्षिणी लेबनान के नबातियेह जिले के हारूफ कस्बे में इजराइल के हवाई हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 8 अन्य घायल हुए। हमले के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है। इससे पहले दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमलों में 3 लोगों की मौत और 11 घायल हुए थे। वहीं, इजराइली सेना ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में चल रहे उसके अभियान के दौरान एक सैनिक शहीद हो गया है। सेना ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि गोलानी ब्रिगेड के 21 वर्षीय सैनिक ओरी ग्रीनबर्ग शहीद हो गए।

### ईरान के हमले से अबू धाबी में 2 की मौत

*संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश में मिसाइल और ड्रोन हमलों की कोशिशें की जा रही हैं। एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने नागरिकों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और सतर्क रहने की अपील की है। अबू धाबी में एक मिसाइल हमले को नाकाम कर दिया गया। हालांकि, मिसाइल का मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई।*

### जमीनी हमला किया तो गंभीर नतीजे होंगे

*आईआरजीसी ने अमेरिका और इजराइल को चेतावनी भी दी कि अगर ईरान की जमीन पर जमीनी हमला किया गया, तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। बयान में कहा गया कि नेतन्याहू और ट्रंप के बहकावे में आकर अपने बच्चों को जंग में न भेजें, क्योंकि हमला करने वाले सैनिक ईरान की जनता के बीच घिर जाएंगे और मारे जाएंगे। आईआरजीसी ने अमेरिकी लोगों से सीधे अपील करते हुए कहा कि उन्हें झूठ और गलत जानकारी के जरिये गुमराह किया जा रहा है। इस जंग की सच्चाई अमेरिका में पेट्रोल पंपों, ईरान की सड़कों और तेल अवीव व हाइफा के आसमान में देखी जा सकती है।*

### होर्मुज से निकलने वाले जहाजों से शुल्क वसूल रहा है ईरान!

आरोप है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूल रहा है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ जहाजों से प्रति यात्रा करीब 20 लाख डॉलर तक का शुल्क मांगा जा रहा है। यह वसूली किसी तय नियम के तहत नहीं, बल्कि अलग-अलग मामलों में की जा रही है। कुछ जहाजों ने यह भुगतान भी किया है, हालांकि भुगतान की प्रक्रिया और मुद्रा को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं है। सूत्रों का कहना है कि ईरान भविष्य में इस शुल्क को आधिकारिक रूप देने की योजना बना सकता है। हाल ही में वहां के एक सांसद ने प्रस्ताव दिया था कि जो देश इस मार्ग का इस्तेमाल करें, उनसे शुल्क लिया जाए। अगर ऐसा होता है तो यह वैश्विक व्यापार के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है।

### ईरान पर जारी हमले में दो किशोरों की मौत

बुधवार शाम को शिराज क्षेत्र के काफ्री गांव में एक आवासीय क्षेत्र पर अमेरिकी-इजराइली हमले में दो किशोर लड़कों की मौत हो गई। हमले में मारे गए लड़कों की पहचान इल्या और अमीर हुसैन शराफी के रूप में हुई है। ईरान के दक्षिण-पश्चिमी फार्स प्रांत स्थित लमर्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अमेरिकी और इजराइली हमले में प्रोजेक्टाइल गिरे। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और नुकसान सीमित है। इससे पहले लमर्ड क्षेत्र में हुए हमलों में नागरिक हताहत हुए थे, जिससे इलाके की संवेदनशीलता बढ़ गई है।

**ट्रंप का नई युद्धनीति**

### ईरान में उतर सकती है 82वीं एयरबोर्न डिवीजन टुकड़ी

*मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका अपनी 82वीं एयरबोर्न डिवीजन को भी ईरान में उतारने की तैयारी कर रहा है, ताकि संघर्ष में अपने कुछ लक्ष्यों को तुरंत पूरा किया जा सके। इस डिवीजन के कुछ हिस्से को क्षेत्र में तैनात किया जा सकता है। अमेरिका खर्ग द्वीप पर संभावित जमीनी हमले पर*



*विचार कर रहा है। 82वीं एयरबोर्न डिवीजन को दुनियाभर में अपनी तेजी के लिए जाना जाता है। आदेश मिलने के महज 18 घंटे के अंदर यह डिवीजन अपने लगभग 3,000 सैनिकों यानी एक पूरी ब्रिगेड को दुनिया में कहीं भी तैनात करने में सक्षम है। इसकी भूमिका पारंपरिक सैन्य बलों से भी अलग होती है और आमतौर पर आपात स्थिति में ही इन्हें तैनात किया जाता है। इनका काम सबसे पहले घुसकर शुरुआती अनिश्चित माहौल को स्थिर करना और पीछे से आ रही भारी सेना (जैसे मरीन या बख्तरबंद बल) के लिए सुरक्षित रास्ता बनाना होता है। इसके सैनिक पैदल सेना को मिलने वाले मानक हथियारों, टैंक-रोधी प्रणाली और पोर्टेबल संचार उपकरणों से लैस होते हैं।*

### युद्ध लक्ष्य में अमेरिका फेल: अराघची

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ अपने प्रमुख युद्ध लक्ष्यों में विफल रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिका न तो तेज सैन्य जीत हासिल कर पाया और न ही तेहरान में शासन परिवर्तन ला सका।




अराघची ने ईरान के पड़ोसी देशों से अमेरिका से दूरी बनाने का आग्रह किया और कहा कि ईरान की प्रतिक्रिया ने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि कोई भी देश इसकी सुरक्षा को धमकी नहीं दे सकता।

### ट्रंप ने ईरान को समझौते की दी धमकी, कहा- जल्द फैसला लें

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान को जल्द गंभीर होकर फैसला लेना होगा, वरना हालात ऐसे हो जाएंगे जहां से वापसी संभव नहीं होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि ईरान के वार्ताकार अजीब हैं और समझौते के लिए भीख मांग रहे हैं, लेकिन सार्वजनिक तौर पर इनकार कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई के बाद ईरान सैन्य रूप से कमजोर हो चुका है और उसके पास वापसी का कोई मौका नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान ने जल्द फैसला नहीं लिया तो वापसी का रास्ता बंद हो जाएगा।

**अमेरिका को नाटो की जरूरत नहीं**

ट्रंप ने कहा कि इस संकट के समय नाटो देशों ने



अमेरिका का साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि नाटो देश ईरान के खिलाफ कार्रवाई में शामिल नहीं हुए और केवल तेल की कीमतों को लेकर शिकायत करते रहे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को नाटो की जरूरत नहीं है और सहयोगी देशों को इस समय को कभी नहीं भूलना चाहिए।

---

**खबर संक्षेप**

### डेनमार्क के पीएम का हार के बाद इस्तीफा

**नई दिल्ली।** डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन ने चुनाव में हार के बाद इस्तीफा दे दिया है। चुनाव



में उनकी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी को सिर्फ 38 सीटें ही मिलीं। वह जून 2019 में डेनमार्क की पीएम बनीं और 2022 में दोबारा जीत हासिल की। मेटे 41 साल की उम्र में पद संभालने वाली देश की सबसे कम उम्र की पीएम बनी थीं। ग्रीनलैंड के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने अड़ गई थीं।

### क्रिप्टो के जरिए हारिश को कर रहे थे टेरर फंडिंग

**मुरादाबाद।** संदिग्ध आतंकी हारिश मुरादाबाद समेत पश्चिम यूपी



के कई शिक्षण संस्थानों में अपना नेटवर्क खड़ा कर रहा था। वह आकाओं से मिले निर्देश पर शिक्षण संस्थानों के छात्रों को अपने साथ जोड़ रहा था। हारिश टेरर फंडिंग के लिए क्रिप्टो करेंसी के जरिये रकम जुटा रहा था। बीते दो वर्षों के दौरान हारिश और उसके करीबियों के बैंक खातों में क्रिप्टो करेंसी के जरिए लाखों रुपए भेजे गए थे। एटीएस पूछताछ में खुलासा हुआ है। यह बात एटीएस की पूछताछ में सामने आई है।

**बांग्लादेश में दर्दनाक हादसा**

## बस के नदी में गिरने से 24 लोगों की मौत, इनमें 11 महिलाएं और 5 बच्चे भी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में एक बस के परिवहन नौका पर चढ़ने की कोशिश के दौरान नदी में गिर जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग लापता हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बस दक्षिण-पश्चिमी राजबारी जिले में दौलाडिया टर्मिनल पर बुधवार शाम करीब सवा पांच बजे पद्मा नदी में गिर गई। ढाका जा रही इस बस में बच्चों समेत करीब 40 यात्री सवार थे स्थानीय अग्निशमन सेवा के



नदी में गिर गई बस

अधिकारियों के अनुसार, 24 शव बरामद किए गए हैं। बस के अंदर से 11 महिलाओं, 6 पुरुषों और 5 बच्चों समेत 22 लोगों के शव मिले। दमकल सेवा के अधिकारी सोहेल राणा ने कहा कि हमजा (बचाव पोत) ने क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाला।

**आंध्र प्रदेश में बड़ा बस हादसा**

## ट्रक से टक्कर के बाद बस में लगी आग, 14 की मौत, 20 लोग घायल

पीएमओ ने हताहतों के लिए मुआवजे का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶ मार्कपुरम

आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले के रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में स्लैब खदानों के पास एक निजी ट्रैवल बस की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर है।

यह दुर्घटना उस समय हुई जब बस जगित्याला से कालिगिरी जा रही थी। टक्कर के बाद बस में आग



जलती हुई बस

लग गई और वह पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। आशंका है कि इस घटना में कई यात्री जिंदा जल गए हैं। हादसा गुरुवार की सुबह हुआ। शुरुआती जांच में सामने आया है कि भीषण टक्कर की वजह से ही बस में आग लग गई थी। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं, शवों की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर शोक जताया।

पीड़ितों की सहायता के लिए विभिन्न स्थानों पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं और हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने हादसे में मारे गए लोगों के लिए दुख जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया।

**ईद पर 5 दिन का सीजफायर खत्म**

## अफगानिस्तान-पाक में फिर झड़प 2 की मौत, सेना की चौकियां ध्वस्त



17 मार्च को हुआ था हमला — फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर अस्थायी युद्धविराम खत्म होने के बाद बुधवार को एक बार फिर हमले शुरू हो गए। इस संघर्ष में अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में कम से कम दो नागरिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में सूचना और संस्कृति विभाग के प्रवक्ता जिया-उर-रहमान स्पिंगहर ने बताया कि मुस्लिमों के त्योहार ईद-उल-फितर से पहले दोनों पक्षों ने संक्षिप्त संघर्षविराम की घोषणा की थी। इसके खत्म होते ही पाकिस्तानी बलों ने नराई और सरकानो जिलों में दर्जनों तोप के गोले दागे, जिससे दो नागरिकों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए, जिसके बाद अफगान सीमा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। स्पिंगहर ने दावा किया कि उन्होंने पाकिस्तान की तीन सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया और एक व्यक्ति को मार गिराया। हालांकि, उनके दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।

### पाक ने कई क्षेत्रों में की गोलाबारी

इस बीच, उत्तर-पश्चिम में पाकिस्तान के एक स्थानीय अधिकारी ने अफगान बलों पर कई क्षेत्रों में गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगाया। बता दें, सऊदी अरब, तुर्किये और कतर के अनुरोध पर अफगानिस्तान में पाकिस्तानी हवाई हमलों पर रोक को लेकर दोनों पक्षों के सहमति जताने के करीब एक सप्ताह बाद ये हमले हुए हैं। इससे पहले 17 मार्च की रात पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमले किए थे। हमलों में काबुल के एक नशा मुक्ति अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिसमें 400 से ज्यादा लोग मारे गए। हालांकि पाकिस्तान ने नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार करते हुए कहा कि हमला गोला-बारूद के भंडार पर था।

**हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल का ऐतिहासिक पल गवाह बना**

## श्रीनगर के रघुनाथ मंदिर में 36 साल बाद राम नवमी पूजा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

श्रीनगर के हब्बा कदल इलाके में स्थित रघुनाथ मंदिर गुरुवार को एक ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब 36 वर्ष बाद इस सौ साल पुराने मंदिर में राम नवमी की पहली पूजा आयोजित की। इस खास अवसर पर न सिर्फ हिंदू श्रद्धालु जुटे, बल्कि उनके मुस्लिम पड़ोसी भी साथ खड़े नजर आए, जिससे माहौल भाईचारे और सौहार्द से भर उठा। हालांकि, मंदिर में अभी मरम्मत और पुनर्निर्माण का काम जारी है, फिर भी मंदिर प्रबंधन समिति ने इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए पूजा का आयोजन किया। राम नवमी के अवसर पर शहर के अन्य मंदिरों, जैसे शंकराचार्य मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पर्यटकों और सुरक्षा बलों ने भी स्थानीय हिंदू समुदाय के साथ मिलकर उत्सव में भाग लिया।



रघुनाथ मंदिर

**दान से पुनर्निमाण में सहयोग**

समिति के महासचिव सुनील कुमार ने बताया कि 36 साल बाद यहां राम नवमी की पूजा हो रही है। हममें से कुछ लोग जम्मू से आए हैं, लेकिन देश-विदेश से कई लोगों ने दान देकर मंदिर के पुनर्निर्माण में सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण अभी मूर्ति स्थापना नहीं हो सकी है।

### कश्मीरी मुसलमानों का साथ जरूरी

कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के सवाल पर सुनील कुमार ने कहा कि यह तब तक संभव नहीं है, जब तक कश्मीरी मुस्लिम समुदाय का सहयोग न मिले। उन्होंने कहा, "सरकार हमें एक साल में बसाकर पुनर्वास कर सकती है, लेकिन हमारी वापसी के लिए कश्मीरी मुसलमानों का साथ जरूरी है। इस अवसर पर स्थानीय मुस्लिम निवासी गुलाम हसन भी मंदिर पहुंचे और उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडित और मुसलमान भाई-भाई हैं। हम दशकों से साथ रहते आए हैं।

### वैष्णो देवी मंदिर में 2.69 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान 2.69 लाख से



अधिक श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में प्रार्थना की। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि 25 मार्च तक 2,69,716 श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। हालांकि, यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। नवरात्र के पहले दिन 19 मार्च को 31,815 श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए, जबकि 20 मार्च को 34,805, 21 मार्च को 41,078, 22 मार्च को 43,482, 23 मार्च को 45,478, 24 मार्च को 38,158 और 25 मार्च को 34,900 श्रद्धालुओं ने मंदिर का दौरा किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109